ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 8 जून 2024
वर्ष 5, अंक 202, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या 15

वरुण की फिल्म जुगजुग जियो का बनेगा सीक्वल 16

सेंसेक्स और निफ्टी 2% बढ़कर उच्चस्तर पर

मुंबई, एजेंसी

- 28.65 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुए।आरबीआई ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जिसके चलते बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह एनएसई निफ्टी दिन के कारोबार में 498.8 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़कर 23,320.20 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 468.75 अंक या 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक पर बंद हुआ। तीन दिन से जारी तेजी के बीच शुक्रवार तक निवेशकों की संपत्ति 28.65 लाख करोड़ बढ़ गई।

लगातार आठवीं बार रेपो दर 6 .5 प्रतिशत पर कायम

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई को काबू में रखने के प्रयास के तहत आरबीआई ने लगातार आठवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया। साथ ही उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर भी कायम रहने का फैसला किया है। उदार रुख को वापस लेने से आशय अपेक्षाकृत आक्रामक रुख से है। हालांकि, मौद्रिक नीति समिति में इस बार दो सदस्यों ने अलग राय दी। पिछले बार के एक के मुकाबले दो सदस्यों ने नीतिगत दर में कटौती और रुख को कुछ नरम किए जाने के पक्ष में मतदान किया। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने, जबकि दो...आशिमा गोयल और प्रोफेसर जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने और रुख को तटस्थ करने के लिए मतदान किया। यह फैसला नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री का पद संभालने से कुछ ही दिन पहले आया है।

पिछले वित्त वर्ष में उम्मीद से अधिक जीडीपी वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की भविष्यवाणी के साथ 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत पर कर दिया है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

मौद्रिक नीति समीक्षा : आरबीआई ने जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया



- मौद्रिक नीति समिति के दो सदस्य रेपो दर में 0.25% कटौती के पक्ष में

मासिक किस्तों में बदलाव की संभावना कम

दास ने कहा कि सतत रूप से कीमत स्थिरता उच्च वृद्धि का आधार है। इन सब बातों पर गौर करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि आरबीआई रेपो और रिवर्स रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी प्रबंधन में लचीला बना रहेगा।

एक नजर

हनुमानगढ़ी में 10 जुलाई तक वीआईपी दर्शन नहीं

अयोध्या। रामनगरी के सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का निकास मार्ग 10 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। निकास मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े ने प्रशासन की सहमति के बाद शुक्रवार को यह निर्णय लिया है।

ईएसआईसी के डीजी बने कमल किशोर सोन

नई दिल्ली। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि कमल किशोर सोन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक (डीजी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। सोन की इस पद पर नियुक्ति 31 मई से प्रभावी है।

जिलहिज्ज का चांद दिखा बकरीद 17 को मनेगी

लखनऊ। शुक्रवार को इस्लामी महीने जिलहिज्ज का चांद हो गया है। पहली जिलहिज्ज 8 जून को होगी और ईद-उल-अजहा (बकरीद) 17 जून को मनाया जाएगा। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और मरकजी चांद कमेटी फिरंगीमहल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने चांद के संबंध में एलान किया है। मरकजी चांद कमेटी फिरंगीमहल की बैठक कमेटी के अध्यक्ष खालिद रशीद की अध्यक्षता में हुई जिसमें चांद देखे जाने की तस्दीक की गई।

राष्ट्रपति ने दिया सरकार बनाने का न्योता

मोदी प्रधानमंत्री मनोनीत

शपथ ग्रहण समारोह कल, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मिलकर मोदी के समर्थन में सौंपा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। नई सरकार का शपथग्रहण समारोह रविवार की शाम को होगा। मोदी ने शुक्रवार शाम राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी को मनोनयन पत्र सौंपा।

इससे पहले, भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है।

राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान मोदी को दही खिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

सरकार बहुमत से और देश सर्वमत से चलता है: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह अगली सरकार के सभी फैसलों में सर्वसम्मति सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राजग सत्ता पाने के लिए किया गया कुछ दलों का गठबंधन नहीं है, बल्कि यह 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध एक स्वाभाविक गठबंधन है। भाजपा नेतृत्व वाले राजग की ओर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए नेता चुने जाने के बाद मोदी ने कहा कि अगले कार्यकाल में उनकी सरकार अगले 10 साल में सुशासन, विकास, जीवन की गुणवत्ता और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने दावा किया कि राजग जीत पचाना अच्छी तरह जानता है। मोदी ने कहा कि अगर हम गठबंधन के इतिहास में संख्या के लिहाज से देखें तो यह सबसे मजबूत गठबंधन सरकार है। मोदी ने केंद्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की।

जदयू हर दिन भाजपा के साथ रहेगी : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वास जताया कि मोदी बड़े स्तर पर भारत का विकास करेंगे और बिहार पर भी ध्यान देंगे। हमें विश्वास है कि मोदी भारत का विकास करेंगे और हम हर दिन तहेदिल से उनका समर्थन करेंगे। कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी मोदी के कार्यकाल में हर दिन भाजपा के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी लंबित काम किए जाएंगे।

क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी : चंद्रबाबू नायडू

नई दिल्ली। भाजपा के प्रमुख सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन किया। नायडू ने इस अवसर पर क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन बनाकर चलने की जरूरत बताई। राजग संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दल जनता दल-सेक्युलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार, हम (एस) के प्रमुख जीतन राम मांझी समेत अन्य सहयोगी नेताओं ने मोदी को राजग का नेता चुनने के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का समर्थन किया। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक में शिंदे ने गठबंधन को 'फेविकोल का जोड़' बताया, नीतीश कुमार ने मोदी के पैर छूने की कोशिश की लेकिन मोदी ने उनको बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बार-बार मोदी को 'सर' कहा। चिराग पासवान को प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी से गले लगाया। जनसेना पार्टी के पवन कल्याण का मोदी ने अपने भाषण में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पवन हवा नहीं बल्कि तूफान हैं।

नेपाल ने भारत सहित 11 देशों से राजदूत बुलाए

काठमांडू, एजेंसी

- सभी राजदूतों से तीन से चार सप्ताह में वापस लौटने को कहा
- नेपाली कांग्रेस कोटे के तहत हुई थी नियुक्ति, टूट चुका है गठबंधन

नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है, जिनमें भारत और अमेरिका में सेवारत राजदूत भी शामिल हैं और इनकी नियुक्ति नेपाली कांग्रेस के कोटे के तहत की गई थी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब तीन माह पहले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पार्टी (नेपाली कांग्रेस) से गठबंधन समाप्त किया और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाया है।

उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की कड़ी आपत्तियों के बावजूद सरकार ने गुरुवार को यह कदम उठाया। समाचारपत्र 'द काठमांडू पोस्ट' की एक खबर के मुताबिक, नेपाल ने भारत में अपने राजदूत शंकर शर्मा को वापस बुला लिया है। खबर में विदेश मंत्रालय के अनेक अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इस तरह के कदम से बहुत अराजनयिक संदेश जाता है। खबर में एक मंत्री के हवाले से कहा गया कि विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस और अन्य दलों के कोटे से नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के प्रस्ताव का कथित तौर पर विरोध कर रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री दाहाल और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया। माना जाता है कि विदेश मंत्री ने दाहाल और ओली दोनों से सभी 11 राजदूतों को वापस न बुलाने का अनुरोध किया था।

नौ जून को भारत की यात्रा करेंगे प्रचंड

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जिस दौरान वह नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी भारत यात्रा का अनुमोदन किया गया।

आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट का फैसला

इरफान सोलंकी समेत 5 को 7 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सजा के बाद इरफान सोलंकी का चला जाएगा विधायक पद
- सभी आरोपियों पर 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया

अमृत विचार : जाजमऊ थानाक्षेत्र में आगजनी केस में शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 दोषियों को 7 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने सपा विधायक व उसके भाई पर 30 हजार 500 रुपये जुर्माना व अन्य तीन दोषियों पर 29 हजार 500 रुपये जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने करीब 350 पन्नों का जजमेंट दिया। चार बार के सपा विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़े। सजा के बाद अब इरफान सोलंकी का विधायक पद भी चला जाएगा। सपा विधायक के अधिवक्ता ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कही।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। मामले में इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। 3 जून को न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सपा विधायक समेत पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को फैसला सुनाने से पहले कोर्ट ने बचाव व अभियोजन पक्ष की बहस सुनी, शाम करीब 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला व शौकत अली को 7 साल की सजा सुनाई।

हम अखिलेश के साथ थे और साथ ही रहेंगे

सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट से बाहर निकलने पर रिजवान सोलंकी ने कहा कि हम लोग बेगुनाह हैं। हम अखिलेश यादव के साथ थे और उनके साथ ही रहेंगे। हम लोगों से जिस तरह से 30 साल की विधानसभा सीट छीनने का काम किया जा रहा है, उसमें कोई कामयाब नहीं होगा। मुझे अल्लाह की तरफ से इंसाफ मिलेगा, हम सभी हाईकोर्ट से बरी होंगे। रिजवान ने कहा कि ये फर्जी मुकदमा है, हमने केडीए से प्लॉट लिया था, क्या केडीए सरकारी संस्था नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स ऋषिकेश में भर्ती

ऋषिकेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को एम्स में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी जांच में जुटी है। बीती 14 मई को भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। तब उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (84) को आंखों में कुछ तकलीफ थी। इस वजह से उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। योगी की मां पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव में रहती हैं। पंचूर योगी आदित्यनाथ का पैतृक गांव है जो ऋषिकेश से लगभग 50 किलोमीटर दूर है।

गुरुद्वारा के सामने फिर लगाया भिंडरावाला का पोस्टर, एसडीएम से वार्ता के बाद हटाया

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- अब गुरुद्वारे के सामने लगाया दमदमी टकसाल के पहले गुरु बाबा दीप सिंह का पोस्टर
- गुरुद्वारा में कार्यक्रम के बाद एकत्र हुई संगत, कोतवाली में घंटों डेरा डाले रहे एएसपी

> तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। जिसकी विवेचना कराई जा रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस बल की तैनाती की गई है। अब वहां पर भिंडरावाला का पोस्टर नहीं लगा है। - **विक्रम दहिया**, एएसपी

अमृत विचार : रूरिया गुरुद्वारे के सामने फिर से भिंडरावाला का पोस्टर लगा दिया गया। इस दौरान गुरुद्वारे में बड़ी संख्या में संगत पहुंची थीं। उधर, एएसपी कोतवाली पूरनपुर में घंटों डेरा जमाए रहे। दोपहर में एसडीएम से वार्ता के बाद भिंडरावाला का पोस्टर हटाकर दमदमी टकसाल के पहले गुरु बाबा दीप सिंह का पोस्टर लगा दिया।

पूरनपुर खुटार मार्ग पर रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा हुआ था। पुलिस प्रशासन ने पोस्टर हटाने के निर्देश दिए थे जिसको लेकर सिख समाज में भारी नाराजगी थी और वे पोस्टर न हटाने पर अड़े थे। बुधवार रात गुरुद्वारा के बाहर से पोस्टर हटा दिया गया। जानकारी होने पर सिख समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को रूरिया गुरुद्वारा में 1984 दंगे के शहीदों की याद में कार्यक्रम किया गया। उसके बाद संगत ने गुरुद्वारा के बाहर फिर से जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा दिया।

माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए एएसपी विक्रम दहिया कई थानों की फोर्स के साथ कोतवाली में डटे रहे। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी और खुफिया एजेंसी के कर्मी गुरुद्वारा के आसपास नजर बनाए रहे। दोपहर में एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला गुरुद्वारा पहुंचे और कमेटी के लोगों से वार्ता की। इसके बाद कमेटी के लोगों ने भिंडरावाला का पोस्टर हटाकर दमदमी टकसाल के पहले गुरु बाबा दीप सिंह का पोस्टर लगा दिया।

टैंकर की टक्कर से कार सवार रिटायर दरोगा समेत दो की मौत

- बेटी की दवा लेने शाहजहांपुर आ रहे थे, दो बेटियां गंभीर घायल

कुर्रिया कला/कांट (शाहजहांपुर)। कांट रोड पर टैंकर ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार सवार सेवानिवृत्त दरोगा व चालक की मौत हो गई। उनकी दो बेटियां गंभीर घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जलालाबाद के मोहल्ला बारह पत्थर निवासी सेवानिवृत्त दरोगा रामपाल श्रीवास्तव (68) की पुत्री मोनिका श्रीवास्तव की तबीयत खराब थी। वह शुक्रवार की सुबह उसे दवा दिलाने कार से शाहजहांपुर आ रहे थे। बड़ी बेटी अलका भी साथ थी। कार मोहल्ले का ही सौरभ (22) चला रहा था। कांट रोड पर जमुनिया गांव के सामने टैंकर ने कार में टक्कर मार दी, जिससे चारों घायल हो गए। टैंकर चालक भाग गया। कांट प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिपाहियों के साथ पहुंचे और कार का दरवाजा तोड़कर सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां सेवानिवृत्त दरोगा और कार चालक को मृत घोषित कर दिया। मोनिका व अलका को भर्ती कर लिया गया।

मानहानि के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत

बेंगलुरू। भाजपा की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है। इनमें राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 2019 से 2023 तक शासन के दौरान बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया था।

तीन नए स्वदेशी कानूनों को लेकर बगैर देरी हो तकनीकी बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

1 जुलाई से बदल रही आपराधिक न्याय प्रणाली, योगी ने की लागू होने के पहले तैयारी की समीक्षा

- मुख्यमंत्री ने कहा, हर जिले में स्थापित होगा फॉरेंसिक लैब और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी सुविधा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक बैठक में पहली जुलाई से लागू होने जा रही नई आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में तैयारी की समीक्षा की। अपने सरकारी आवास पर बड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए लागू होने जा रहे कानूनों में तकनीक का बड़ा महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके मद्देनजर आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना देर किए हो जाएं।

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट लखनऊ का सहयोग लें। सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा रहे। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें और प्रस्ताव तैयार करें, शासन स्तर से पूरा सहयोग मिलेगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की तैनाती करें। नए कानून के लागू होने से पहले इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, नए कानून सहजता से लागू किए जा सकें और अपने उद्देश्यों में सफल हों, इसके लिए तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कॉन्स्टेबल, उपनिरीक्षक, इंस्पेक्टर, अभियोजक, जेल कर्मचारी आदि की विधिवत ट्रेनिंग कराएं। यह कार्य मास्टर ट्रेनर के तैयार कर आसानी से किया जा सकता है। यह भी कहा कि ये तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यह होने जा रहा है बदलाव

संसद ने अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए इंडियन पीनल कोड- 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को समाप्त कर तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून 1 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू होना है। नई व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा।

एक नजर

धर्मपुर की टीम ने नारायणपुर को हराया

कुर्रियाकलां। गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में धर्मपुर ने नारायणपुर की टीम को हराकर जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला धर्मपुर और नारायणपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर नारायणपुर ने फील्डिंग चुनी। बल्लेबाजी करने उतरी धर्मपुर की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 149 रन का लक्ष्य दिया। नारायणपुर की टीम का पहले ही ओवर में आठ रन पर एक विकेट गिर गया। इसके बाद मोहित ने 55 और अनुभव ने 29 रन बनाए। इस बीच लगातार विकेट गिरते रहने से नारायणपुर की टीम नौ ओवर में 101 रन पर ऑलआउट हो गई। धर्मपुर ने 48 रन से खिताबी मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच दीपू रहे। उन्होंने 19 रन बनाने के साथ चार विकेट भी चटकाए। विजेता टीम को पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा ने ट्रॉफी दी। अंपायरिंग निर्मल वाजपेयी और कमेंट्री सरोज सानू ने की। इस दौरान शिवम, श्याम, पप्पू पांडे, नितिन, डब्बू, सर्वेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

दमुलिया ने शेरपुर कुर्रिया को हराया

मिर्जापुर। मिर्जापुर के हरिहरपुर मे चल रहे एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को शेरपुर कुर्रिया व दमुलिया के बीच मैच खेला गया। दमुलिया के कप्तान रवि ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मे 72 रन बनाए। जबाब मे उतरी शेरपुर कुर्रिया की टीम कुर्रिया की टीम 65 रनों पर ही सिमट गई। दो ओवर में तीन विकेट झटकने वाले सुमित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान अनुराग यादव, मधुर कुमार, प्रदीप, सोहित, प्रशांत, रूचित, वीकेश, अनुज, रीतेश, बंटी, ब्रजेश, सतीश, अमित आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।

ट्रेनों के प्लेटफार्म न बदले

शाहजहांपुर। मुरादाबाद मंडल के रेल अधिकारियों ने यहां के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रविवार को बीएड की परीक्षा है, जो विभिन्न कॉलेजों में होगी। दूसरे जिले से परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए आएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि ट्रेन के प्लेटफार्म न बदले जाएं, जिससे यात्रियों में भगदड़ न मचे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी तथा आरपीएफ की ड्यूटी पर्याप्त मात्रा में लगाई जाए, प्लेटफार्म पर पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, प्लेटफार्म परीक्षार्थियों के लिए सहायता केंद्र बनाया जाए।

धोखेबाज कार्यकर्ताओं को किया जाएगा चिन्हित

भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र ने की लोकसभा चुनाव में कम अंतर से मिली जीत की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कहा- सभी मंडल अध्यक्ष अपने क्षेत्र के बूथों का ब्योरा उपलब्ध कराएं

अमृत विचार : केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने तथा नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपा कार्यालय पर जमकर जश्न मनाया गया। इससे पहले चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को कम अंतर से मिली जीत पर चर्चा भी की गई। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी मंडल अध्यक्ष अपने बूथों पर पार्टी को मिले वोटों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिस किसी ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के साथ धोखा किया है, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में अतिउत्साह के चलते भाजपा को काफी नुकसान हुआ है। यह अलग बात है कि जिले में लोकसभा और ददरौल विधानसभा के उप चुनाव में दोनों प्रत्याशियों को जीत मिली है, लेकिन लोकसभा चुनाव में एक लाख से अधिक मतों से जीत का अनुमान था, जो सिमट कर आधा रह गया। इससे पता चलता है कि कुछ कार्यकर्ताओं ने पार्टी के साथ धोखा किया है, जिस कारण उनके बूथों पर वोट कम या विरोध में पड़े। बूथवार समीक्षा की जा रही है। निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर ने कहा कि कम अंतर से मिली जीत की समीक्षा बहुत जरूरी है, ताकि भविष्य में होने वाले चुनाव की तैयारियां उसी प्रकार की जा सकें। एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने पार्टी प्रत्याशियों की जीत पर हर्ष जताते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह नई ऊर्जा के साथ काम करना शुरू कर दें।

मोदी को संसदीय दल का नेता चुने पर भाजपा कार्यालय पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

इस अवसर पर तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ददरौल के नवनिर्वाचित विधायक अरविंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव आदि ने भी विचार व्यक्त किए। जिला महामंत्री अनिल गुप्ता के संचालन में चली बैठक में महामंत्री रमाकांत मिश्रा, चंद्रेश गुप्ता, महेंद्र पाल, रजनी भानु सिंह, पार्षद राम बरन सिंह, सौरभ सोमवंशी, हरजीत सिंह, नमित दीक्षित, अर्चना गुप्ता, संजीव बंसल, ओम प्रकाश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

जिला कार्यालय पर चुनावी समीक्षा कर जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा।

मोदी को संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बांटी मिठाई, आतिशबाजी चलाकर मनाया जश्न

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार संसदीय दल का नेता चुने जाने पर और जिले में लोकसभा तथा ददरौल उपचुनाव में मिली जीत पर भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया।

रेती मार्ग स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर जुटे कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मोदी सरकार, तीसरी बार मोदी सरकार, जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाते हुए खुशियां मनाईं। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, विधायक सलोना कुशवाहा, नवनिर्वाचित विधायक अरविंद सिंह, पार्षद राम बरन सिंह, महापौर अर्चना वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नीतू गुप्ता, नितेश गुप्ता, सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, मुकेश राठौर, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, नवनीत पाठक, विनोद कनौजिया, श्याम बाबू दीक्षित, वर्षा अवस्थी, संजीव राठी, माधव सक्सेना, सौरभ सोमवंशी, हरजीत सिंह, संजीव बंसल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

आय बढ़ाने को सहफसली अपनाने का दिया सुझाव

सर्वेक्षण का निरीक्षण करते गन्ना उपायुक्त राजीव राय व डीसीओ जितेंद्र मिश्रा।

संवाददाता, पुवायां

- गन्ना उपायुक्त ने डीसीओ के साथ किया सर्वेक्षण का निरीक्षण

अमृत विचार: बरेली मंडल के उपगन्ना आयुक्त राजीव राय ने डीसीओ जितेंद्र कुमार मिश्र के साथ शुक्रवार को पुवायां चीनी मिल के जुझारपुर गांव में चल रहे गन्ना सर्वेक्षण का निरीक्षण किया।

गन्ना उपायुक्त राजीव राय ने किसानों को ट्रेंच विधि से बुआई को प्रेरित कर दो गुनी आय को सहफसली अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने समय समय पर गुड़ाई, रोग कीट नियंत्रण को दवाओं के उपचार की जानकारी दी। इस दौरान एससीडीआई मनीष शुक्ला, सचिव विनोद यादव, मुख्य गन्ना अधिकारी प्रवीण यादव आदि मौजूद रहे।

वितौनी ने एक रन से जीता सेमीफाइनल मैच

पुवायां, अमृत विचार : सुनारा बुजुर्ग में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच खेला गया। वितौनी व सुपर आमडार के बीच मैच खेले गए मैच में वितौनी ने आमडार को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

वितौनी टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आमडार के गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी से वितौनी टीम मात्र 55 रन ही बना सकी। आमडार की तरफ से मोनीष ने 19 रन देकर 4 विकेट, हासिम ने 15 रन देकर 3 विकेट लिए। जीत के लिए मिले 56 रनों का पीछा करने उतरी आमडार की टीम मात्र 54 रन ही जुटा सकी और रोचक एवं अहम मुकाबला एक रन से हार गई। आमडार टीम के बल्लेबाज मोनीष ने 27 रन की पारी खेली, लेकिन वह टीम को जिता नहीं पाए। वितौनी के लकी ने 18 रन देकर 4 विकेट चटकाए। अंपायरिंग अंकित मिश्रा और सत्यम गिरि ने की। सूरज पांडेय और वासिम खां ने कंमेंट्री की। आयोजक विकास पांडेय ने बताया कि रविवार को सुनारा इलेविन और वितौनी के बीच फाइनल होगा।

किसानों की सहकारी बैंक पर विश्वसनीयता सराहनीय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक कर्मियों व सहकारिता विभाग के अधिकारियों, सचिवों, संग्रह अमीनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने की। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कहा कि जिला सहकारी बैंक ने जिस तरह से किसानों एवं ग्राहकों की विश्वसनीयता को कायम रखा है, वह सराहनीय कार्य है।

सीडीओ ने कहा कि बैंक द्वारा किसानों को मामूली ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाना काफी महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने समितिवार समीक्षा करते हुए शाखा प्रबंधक, कैडर सचिव, एडीओ को लक्ष्य के सापेक्ष अपना योगदान देना सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि सभी 10 दिन के अंदर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

विकास भवन में जिला सहकारी बैंक की बैठक को संबोधित करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। साथ में हैं सभापति डीपीएस राठौर व अन्य।

- सभापति बोले- किसानों को सस्ता और सुलभ ऋण देने को बैंक तत्पर
- विकास भवन सभागार में हुई बैंक और सहकारिता विभाग की बैठक

पूर्ति के अनुपात में कमी पर जाहिर की नाराजगी

संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता बरेली राजेश कुमार सिंह ने वसूली में लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति के अनुपात में कमी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि वसूली वितरण में लापरवाही बरतने वाले अपने कार्य में सुधार लाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रवीण कुमार ने आभार व्यक्त किया।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कहा कि बैंक किसानों को सबसे सस्ता और सुलभ ऋण उपलब्ध कराती है। नैनो यूरिया, नैनो डीएपी को देश और देश के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इनके इस्तेमाल से किसानों की फसल और देश की अर्थ व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

ये रहे मौजूद

बैठक में जिला सहकारी अधिकारी मुन्ना लाल मिश्रा, चंद्रिका प्रसाद, आनंद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, शिवरतन लाल, उप महाप्रबंधक राजेश कुशवाहा, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ओमवीर यादव, एडीओ ओम प्रकाश मौर्य, राकेश कुमार सिंह, संजय दीक्षित, विजय राज सिंह, अश्वनी पांडेय, अभय राज सिंह, राजेश वर्मा, महावीर सिंह, अमरपाल सोनकर, राधा कृष्ण, शाखा प्रबंधक अमित मिश्रा, मनोज यादव, अनमोल शुक्ला, इफको क्षेत्रीय प्रबंधक राम रतन समेत बड़ी संख्या में बी पैक्स कैडर, सचिव, संग्रह अमीन आदि मौजूद रहे।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कल, तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई बैठक
- तीनों केंद्रों पर तैनात रहेंगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट
- सीसीटीवी की निगरानी, गेट पर होगी गहन तलाशी
- यातायात और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा जिले में नौ जून को दो पालियो में होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। एडीएम ने बताया कि इस बार बीएड प्रवेश परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1502 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। प्रथम पाली सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिए जनपद समन्वयक (नोडल) एसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार आजाद को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय की निर्देशिका के अनुसार प्रत्येक दो केंद्र पर एक केंद्र प्रतिनिधि तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

जनपद समन्वयक (नोडल) प्रो. राकेश कुमार आजाद ने तीनों परीक्षा केंद्रों पर पर दो-दो पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। एडीएम प्रशासन ने बताया कि परीक्षार्थियों के आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एआरएम रोडवेज व एआरटीओ को निर्देशित किया जा चुका है। वहीं, नगर में यातायात सुचारू रखने तथा बस स्टेशनों / रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए एसपी को कहा जा चुका है। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सिंह, एसपी सिटी संजय कुमार, डीआईओएस हरिवंश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डबल लॉक में रखी जाएगी ओएमआर शीट

परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस के साथ परीक्षा सामग्री केंद्रों तक पहुंचाने और तथा वापस लाने के लिए केंद्र प्रतिनिधि के साथ दो-दो सशस्त्र सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, महिला एवं पुरुष शौचालय, रैंप, बिजली, पंखा आदि मूलभूत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रश्नपत्रों और ओएमआर पत्रकों तथा जांच पत्र डीएम के द्वारा नामित अधिकारी और विश्वविद्यालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी की देख-रेख में राजकीय कोषागार के डबल लॉक में रखें जाएंगें।

जिले में लागू रहेगी धारा 144

उन्होंने बताया कि जनपद में धारा 144 लागू रहेगी। परीक्षा परिसर में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का संचालन नहीं किया जाएगा। परीक्षा के दौरान केंद्र के 500 मीटर की परिधि में फोटो कॉपीयर मशीन, साइबर कैफे आदि संचालित नहीं होंगे।

बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही मिलेगा प्रवेश

एडीएम ने बताया कि परीक्षा में केवल काले वॉल पेन का ही उपयोग किया जाएगा। एजेंसी द्वारा बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के आधार पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। कैंपस के अंदर किसी प्रकार से मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, इलेक्ट्रॉनिक अथवा ब्लूटूथ डिवाइस ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है।

जेल में बंदियों को दी प्ली बारगेनिंग की जानकारी

कारागार में बंदियों को प्ली बारगेनिंग की जानकारी देते न्यायिक अधिकारी पीयूष तिवारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

अमृत विचार: जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भानुदेव शर्मा के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर लगाया गया। इस दौरान प्राधिकरण सचिव पीयूष तिवारी ने प्ली बारगेनिंग के बारे में बंदियों को जानकारी दी।

सचिव ने बंदियों को बताया कि सात वर्ष की अधिकतम सजा के फौजदारी मामलों में अभियुक्त द्वारा अपना अपराध स्वीकार करने को ही प्ली बारगेनिंग कहा जाता है, जिसके तहत निर्धारित सजा से कम सजा प्राप्त करने के लिए अभियोजन से सहायता ली जाती है। इसमें मुख्य रूप से अभियुक्त और अभियोजक के साथ प्रकरण के पीड़ित व्यक्ति व अन्वेषण अधिकारी को वार्ता में शामिल किया जाता है। असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल शालिनी ने भी उपयोगी जानकारी दी। शिविर में जेल अधीक्षक मिजाजीलाल, डिप्टी जेलर अनिल कुमार और सुभाष यादव आदि जेल अधिकारी मौजूद रहे।

अच्छी खबर | स्काउट-गाइड की महत्ता को देखते हुए इसे और प्रभावी बनाने के निर्देश, कब-बुलबुल दल में 24-24 और स्काउट-गाइड दल में शामिल होंगे 32-32 बच्चे

परिषदीय स्कूलों में बनेंगे कब-बुलबुल और स्काउट-गाइड दल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय स्कूलों में स्काउट-गाइड को और प्रभावी बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत प्राथमिक विद्यालयों में कब-बुलबुल और जूनियर स्तर पर स्काउट-गाइड दलों का गठन किया जाएगा। यह व्यवस्था प्रत्येक स्कूल में लागू की जाएगी। दलों का पंजीकरण कराकर स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन को प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। सात दिवसीय प्रशिक्षण आवासीय कराए जाने की योजना बनाई गई है।

चूंकि बालचर (स्काउटिंग) बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास करने में सहायक है इसलिए कब-बुलबुल तथा स्काउट-गाइड कार्यक्रमों द्वारा बच्चों में नैतिकता, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता की भावना तथा चरित्र निर्माण आदि गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से संगठन को और प्रभावी बनाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा निदेशक बेसिक ने गाइडलाइन जारी की है। शिक्षा निदेशक ने कहा है कि मंडल और जनपद स्तर पर कक्षा एक से 5 तक संचालित प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में कब-बुलबुल की कम से कम एक-एक यूनिट (दल) अवश्य पंजीकृत कराई जाए। प्रत्येक दल में 24-24 कब-बुलबुल शामिल किए जाएं। इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 तक संचालित प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में स्काउट तथा गाइड की कम से कम एक-एक यूनिट पंजीकृत कराई जाए।

प्रत्येक दल में 32 स्काउट और 32 गाइड शामिल किए जाएं। महानिदेशक ने कहा है कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर दलों की संख्या उसी अनुपात में बढ़ाई जा सकती है। इतना ही नहीं, पूर्व में पंजीकृत दलों का नवीनीकरण समय पर कराया जाए।

शिक्षकों को दिलाया जाएगा आवासीय प्रशिक्षण

जिन परिषदीय विद्यालयों में यूनिट लीडर के रूप में शिक्षिकाएं प्रशिक्षित नहीं हैं, उनका प्रशिक्षण भारत स्काउट और गाइड के माध्यम से कराया जाएगा। यह सात दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण रूप से आवासीय होगा। प्रारंभ में प्रत्येक जनपद से 50-50 शिक्षक-शिक्षकाएं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके लिए प्रत्येक जिले से संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची प्रादेशिक संस्था को 20 जून तक मांगी गई है, ताकि प्रादेशिक संस्था द्वारा समय से प्रशिक्षण प्रारंभ कराया जा सके। प्रथम चरण में उन्हीं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा, जिनके विद्यालयों में कब-बुलबुल तथा स्काउट-गाइड दल गठित हैं और प्रथम बार प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना है।

समय-समय पर कराई जाएंगी प्रतियोगिताएं

डीबीटी योजनांतर्गत छात्र-छात्राओं को मिलने वाली दो सेट यूनीफार्म के लिए प्रेषित धनराशि से ही पंजीकृत दलों के छात्र-छात्राओं को एक सेट स्कूल यूनीफार्म एवं और सेट स्काउट-गाइड की यूनिफार्म अभिभावकों द्वारा दिलवाई जाएगी। इसके अलावा कब-बुलबुल, स्काउट-गाइड का एक-ए बैंड भी ब्लॉक और जनपद स्तर पर तैयार किया जाएगा, जिनकी समय-समय पर प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी, जो जनपदीय और अंर्तजनपदीय स्तर पर होंगी। जिले एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाने वाली बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता और सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए गए हैं।

संस्था वहन करेगी पंजीकरण शुल्क

पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क प्रदेश की भारत स्काउट और गाइड संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। विद्यालयों द्वारा किसी प्रकार का पंजीकरण, नवीनीकरण शुल्क देय नहीं होगा। नवीन दलों का पंजीकरण तथा पुराने पंजीकृत दलों के नवीनीकरण की कार्यवाही निर्धारित प्रारूप पर की जाएगी। सभी सूचनाएं 15 जुलाई तक निदेशालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

> जिले के परिषदीय स्कूलों में स्काउट-गाइड दल अच्छे से चल रहे हैं। इन्हें और मजबूती के साथ संचालित कराया जाएगा, ताकि बच्चों का चहुंमुखी विकास हो सके। स्काउट-गाइड को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इस शैक्षिक सत्र से इसे और प्रभावी बनाया जाएगा। शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिलवाएंगे।
>
> – रणवीर सिंह, बीएसए

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

39.5° अधिकतम तापमान | 27.9° न्यूनतम तापमान

करंट से हुई युवक की मौत, परिजनों ने बिजली घर पर शव रख किया प्रदर्शन

आरोप- घटना के बाद अधिकारी ने नहीं उठाया फोन और ना ही ली जानकारी

रोते- बिलखते विमलेश के परिजन। ● अमृत विचार

विद्युत उपकेंद्र पर मृतक के परिजनों को समझाते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार: बिजली का फॉल्ट सही कर रहे युवक की करंट लगने से हुई मौत के बाद परिजनों ने विद्युत उपकेंद्र पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप था कि घटना के बाद किसी भी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया ना ही किसी ने घटना की जानकारी ली।

पुवायां के जेंवा विद्युत उपकेंद्र पर गुरुवार की शाम को लाइन ठीक कर रहे विमलेश की करंट लगने से मौत हो गई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव वापस आने पर परिजनों ने विद्युत उपकेंद्र पुवायां पर शव रखकर विभागीय अधिकारियों के विरोध में प्रदर्शन किया। विमलेश चार भाइयों में सबसे बड़ा था जो कि बिजली विभाग में कार्य करता था। मौत से माता रेशमा पिता संजय का रो-रो कर बुरा हाल था।

● **गुरुवार शाम लाइन ठीक कर रहे विमलेश की करंट लगने से चली गई थी जान**

मृतक विमलेश।

परिजनों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाया कि पुत्र की मौत के बाद किसी भी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया और ना ही घर पर जाकर सांत्वना दी, परिजनों को नहीं पता की घटना के बाद क्या कार्रवाई होनी चाहिए किसी भी अधिकारी कर्मचारियों ने घटना के बाद, कीजाने वाली कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं दी, जिसके कारण परिजनों ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीओ जगदीश सिंह कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार राय मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। एसडीओ जगदीश सिंह ने बताया विद्युत दुर्घटना के अंतर्गत कार्रवाई कर दी गई है। जल्द ही सहायता धनराशि के रूप में 5 लाख रुपये परिजनों को दिए जाएंगे। कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्दी ही कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

मूर्ति तोड़ने का वीडियो अपलोड करने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

खुटार, अमृत विचार : मूर्ति तोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी सचिन मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष है।

चार जून को एक फेसबुक आईडी संचालक फिरोज खान के नाम से अपनी फेसबुक आईडी से एक वीडियो अपलोड किया था। उस वीडियो में मुस्लिम महिला भगवान गणेश का अपमान करते हुए देखी जा रही थी। फिरोज खान नामक युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर यह वीडियो को अपलोड कर दिया। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। इसमें हिंदू आस्था और उनकी भावनाओं को आहत पहुंचाने का काम किया गया था। इस मामले को भाजपा नेता सचिन मिश्रा ने बृहस्पतिवार को फेसबुक आईडी संचालक फिरोज खान के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई। शुक्रवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यह संचालक खुटार के गांव का भरकलीगंज का बताया जा रहा है।

बेटियों को नहीं थी पापा के मरने की सूचना

घायल अलका।

घायल मोनिका।

कुर्रिया कला/कांट, संवाददाता

अमृत विचार : कांट रोड पर जमुनिया गांव के सामने हादसे में मृत दरोगा रामपाल पुलिस विभाग से चार साल पहले सीतापुर से सेवानिवृत्त हुए थे।

टैंकर की टक्कर के बाद दोनों घायल युवतियां अस्पताल में भर्ती थी। दोनों बेटियां अलका व मोनिका अस्पताल में पूछ रही थी कि पापा ठीक है। उनके मरने की खबर पत्नी विनोदनी तथा दोनों बेटियों को नहीं दी गई थी। उनका कोई बेटा नहीं है। उन्होंने बड़ी बेटी अलका की शादी करीब सात साल पहले पीलीभीत जिले के बीसलपुर कस्बा में की थी। जो मायके आई हुई थी। उसी को दवाई दिलाने वह मोहल्ला निवासी सौरभ के साथ जलालाबाद से शाहजहांपुर आ रहे थे। परिजनों ने बताया कि रामपाल मोनिका की शादी के लिए लड़का देख रहे थे। इधर, मृतक सौरभ पालउनकी कार चलाता था। मौत से पत्नी ऊषा और मां सुनीता समेत परिजनों में रोना पीटना मच गया। उसकी कोई संतान नहीं थी।

रोते-बिलखते मृतक सौरभ के परिजन।

● **टैंकर की टक्कर से सेवानिवृत्त दरोगा समेत दो की मौत की घटना**

एक नजर

किशोरी को अगवा करने का अरोपी गिरफ्तार

मदनापुर। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि अभियुक्त अरविंद कुमार निवासी उमरपुर थाना तिलहर 29 मई को एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने दो दिन बाद किशोरी को बरामद कर लिया था और आरोपी अरविंद कुमार फरार चल रहा था। पुलिस को शुक्रवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि आरोपी करनपुर पड़री के पास खड़ा है। पुलिस ने आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक चन्द्र शेखर, मनोज कुमार थे।

युवक को चाकू मारकर किया घायल

शाहजहांपुर। रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्शनगर कालोनी निवासी आशू ने बताया कि तीन जून को रात साढ़े दस बजे अपनी बस मठिया कालोनी में खड़ी करके घर जा रहा था। मठिया कालोनी की गली चार में अज्ञात व्यक्ति मिले। आरोपियों ने आशू को डंडे से मारा। फिर हाथ में चाकू मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। कलान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने बताया कि अभियुक्त रोहित के खिलाफ दस दिन पूर्व एक किशोरी को अगवा करने तथा दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को शुक्रवार की सुबह नौ बजे सूचना मिली कि गुंदौरा भट्टे के निकट आरोपी खड़ा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक संजीव कुमार, हेकां मोहम्मद याकूब, सिपाही अंकित यादव थे।

वांछित चार अभियुक्त गिरफ्तार

पुवायां। विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कागजी कार्रवाई पूरी कर चारों को जेल भेज दिया गया। कोतवाल प्रदीप राय ने बताया कि वांछितों की तलाश में उनके नेतृत्व में टीम अलग-अलग छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के मोहल्ला कुरगंजा निवासी भगवान दास पुत्र सुमेर, सुरेंद्र कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद, देवी पुत्र बाबूराम तथा श्रीपाल पुत्र सुखलाल को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सभी अभियुक्त अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे थे।

भुगतान के विवाद में जल निगम के जेई को गोली मारकर किया घायल

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

अमृत विचार: मदनापुर-बुधवाना रोड पर फाजिलपुर गांव में ठेकेदार पानी की टंकी का निर्माण करा रहा था। जल निगम के जेई निर्माणाधीन टंकी को देखने गए।इस दौरान ठेकेदार का जेई से पाइप लाइन डालने को लेकर भुगतान का विवाद हो गया। इस दौरान कहासुनी हो जाने पर ठेकेदार ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से जेई पर फायर कर दिया, जिससे हाथ में गोली लगने से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जल निगम की ओर से मदनापुर-बुधवाना रोड पर फाजिलपुर गांव में सड़के के किनारे टंकी का निर्माण हो रहा है। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव सहजलपुर निवासी ठेकेदार अजय कुमार टंकी का निर्माण करा रहे है। जल निगम के जेई दीपक वर्मा चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवादा इंदेपर न्यू कॉलोनी में परिवार समेत रहते है। शुक्रवार को दिन में जेई दीपक वर्मा मदनापुर क्षेत्र में निरीक्षण करने गए थे। वह शाम छह बजे फाजिलपुर गांव में निर्माणाधीन टंकी को देखने के लिए गए। उन्होंने ठेकेदार को बुलाया और कहा कि टंकी में देरी क्यों हो रही है। ठेकेदार ने कहा कि पाइप डाले है, पहले इसका भुगतान कराए, उसके बाद कार्य शुरू होगा। भुगतान को लेकर ठेकेदार की जेई से कहासुनी हो गयी। ठेकेदार ने आवेश में आकर जेई के ऊपर तमंचा से फायर कर दिया, जिससे जेई के हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गयी। ठेकेदार तमंचा लेकर मौके से फरार हो गया। एसओ अश्वनी कुमार को सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे और घायल जेई को स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया। एसओ ने बताया कि जेई का ठेकेदार से पाइप डालने को लेकर पैसा का विवाद हो गया था। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

● **फाजिलपुर गांव में पानी की टंकी का निर्माण करा रहा था ठेकेदार**

> फाजिलपुर गांव में जल निगम की ओर से टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। पाइप लाइन डालने को लेकर ठेकेदार ने जेई से भुगतान करने के लिए कहा था। विवाद हो जाने पर ठेकेदार ने जेई को गोली मार दी, जो हाथ में लगी है। ठेकेदार को पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है।
> **-अशोक कुमार मीणा**, एसपी

मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों पर गिर सकती है गाज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: राजकीय मेडिकल कॉलेज से पिकअप में चोरी की पकड़ी गई सर्जिकल सामग्री मामले में जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को दे दी है। जिसके आधार पर कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है। मामले की जांच रिपोर्ट डीएम और सीडीओ को भेजी जाएगी।

शनिवार की रात 11 बजे मेडिकल कॉलेज परिसर से एक पिकअप गेट की तरफ जा रही थी। सिक्योरिटी गार्ड को कुछ शक होने पर पिकअप रोकने का इशारा किया तो चालक ने पिकअप नहीं रोकी तो सिक्योरिटी गार्ड ने पीछा किया। चालक और एक अन्य व्यक्ति पिकअप छोड़कर भाग गए थे। सिक्योरिटी गार्ड ने देखा कि बोरों में कुछ सामान भरा था और प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार को सूचना दी। प्राचार्य ने जांच कमेटी का गठन किया था। जिसमें में दो डाक्टर और एक चीफ फार्मासिस्ट को रखा गया।

कमेटी ने बोरों को खोला तो करीब पांच लाख रुपये की सर्जिकल सामग्री मिली थी। चालक के साथ जो व्यक्ति भागा था वह मेडिकल कालेज के दवा गोदाम में प्राइवेट कर्मचारी था। बताते हैं कि किसी कर्मचारी ने उसे प्राइवेट रूप में रखा था। जांच कमेटी ने दवा स्टोर इंचार्ज डॉ. सरोज, चार सुरक्षा गार्ड और चार कर्मचारियों के अलग-अलग बयान लिए थे। जबकि दवा स्टोर से चीफ फार्मेसिस्ट डॉ. संदीप बंसल को हटाकर सुभाष कन्नौजिया को चार्ज दिया गया। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्राचार्य को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है। उधर, डीएम और सीडीओ ने भी प्राचार्य से जांच रिपोर्ट मांगी है। सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह ने बताया कि जांच कमेटी एक रिपोर्ट दे दी है और अभी एक रिपोर्ट और देनी है।

● **कमेटी ने प्राचार्य को रिपोर्ट सौंपी कर्मचारियों के हो चुके हैं बयान**

● **मेडिकल कॉलेज से पांच लाख की सर्जिकल सामग्री चोरी का मामला**

प्राइवेट कर्मचारी खोलेगा राज

पिकअप चालक के साथ जो व्यक्ति था, वह मेडिकल कॉलेज का प्राइवेट कर्मचारी था। उसके पकड़े जाने से असली राज खुलेगा। उसे किस कर्मचारी ने रखा था और दवा स्टोर से निकाली थी या गोदाम से निकाली थी। उसने डुप्लीकेट चाबी तो नहीं बना रखी थी। उसके गिरफ्तार होने के बाद सर्जिकल सामान चोरी की हकीकत सामने आएगी। इधर, पिकअप को मेडिकल कालेज में एक कमरे में बंद कर रखा है। मालिक भी पिकअप की जानकारी करने नहीं आया है। पिकअप लखनऊ की है।

एफआईआर में देरी क्यों

एक हफ्ता होने जा रहा है, लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पकड़ी गई पिकअप चालक और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। जिसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों से फोन पर बात की तो अधिकारियों ने कह दिया कि पहले जांच अपने स्तर से करा लें, उसके बाद तहरीर देना। सवाल यह उठ रहा है कि पुलिस अपनी जांच करती और कॉलेज प्रशासन अपनी जांच करता है। जब तक चालक और कर्मचारी पुलिस हिरासत में नहीं आएंगे, चोरी का राज खुल नहीं पाएगा। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि कॉलेज प्रशासन की तरफ से तहरीर नहीं आयी और कमेटी अपने स्तर से जांच कर रही है।

बस चालक को बिना कार्रवाई छोड़ा

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: खुटार मैलानी मार्ग पर गांव सरेली मोड़ के पास बस और पिकअप की टक्कर होने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने बस चालक पर कोई कार्रवाई नहीं की और दोनों वाहनों को बिना कार्रवाई छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि पिकअप चालक ने तहरीर नहीं दी थी। वाहन में जो नुकसान हुआ हुआ। उसका हर्जाना देकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। इसके चलते कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की इस कार्यशैली से सवाल खड़े हो रहे हैं।

गुरुवार शाम करीब छह बजे नेपाल से प्राइवेट बस में करीब 60 यात्री बस में सवार होकर दिल्ली जा रहे थे। रात करीब सवा दस बजे सरेली के पास बस के आगे चल रही पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। यह हादसा शाहजहांपुर निवासी बस चालक हरिओम के मोबाइल से बात करने और तेज रफ्तार से बस चलाने से हुआ। बस में बैठीं कई सवारियां मामूली चोटिल हो गई थी। जबकि उत्तराखंड के जनपद ऊधमसिंह नगर के कस्बा किच्छा निवासी पिकअप चालक मोहम्मद वसीम, परिचालक मोहम्मद अरबाज बाल-बाल बच गए। हादसे की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को कब्जे में लेकर थाने खड़ा करा लिया था। रात साढ़े बारह बजे दूसरी बस आने के बाद यात्री रवाना हो सके। शुक्रवार सुबह दोनों पक्षों में बैठकर समझौता हो गया, लेकिन पुलिस ने लापरवाही से बस चलाने वाले चालक पर कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही वाहन को छोड़ दिया।

● **पुलिस बोली, दोनों पक्षों में हो गया समझौता**

● **सरेली मोड़ के पास बस और पिकअप टकराने का मामला**

● **देर रात यात्री दूसरी बस से गंतव्य को हुए रवाना**

> दोनों पक्षों का थाने में आपस में समझौता हो गया है। किसी भी वाहन स्वामी ने कार्रवाई के लिए कोई तहरीर नहीं दी है।
> **- संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

सवारियों को ठूंसकर सडक पर बेखौफ चलते है चालक

बस में सवारियों को ठूंसकर चालक वाहन चलाते हैं। चालक तेज रफ्तार और फोन से बात करने के दौरान वाहन अनियंत्रित होकर आए दिन हादसा हो रहे है। खुटार मैलानी, पूरनपुर, गोला रोड पर प्राइवेट बस खड़ी रहती है। यहां से बसों में सवारियों को भरा जाता है। 55 सीटों से ज्यादा सवारी भरकर चालक चलते हैं। इसके बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। जबकि लगातार सड़क हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है। फिर भी पुलिस ध्यान देने की जरूरत नहीं समझती है। इसके अलावा सरकारी बसों का भी नुकसान होता है।

25 तक बांटा जाएगा निःशुल्क खाद्यान्न

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को वितरित होने वाले खाद्यान्न 2 किग्रा गेहूं और 3 किग्रा चावल का निशुल्क वितरण एवं अंत्योदय कार्डधारकों के लिए त्रैमास (अप्रैल से जून) के सापेक्ष चीनी का वितरण 8 से 25 जून के मध्य किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को निशुल्क 14 किग्रा गेहूं व 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान्न दिया जाएगा। साथ ही 18 रुपये प्रति किलो की दर से तीन-तीन किग्रा चीनी का वितरण भी किया जाएगा। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे लाभार्थी जिनका कतिपय कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है, उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से 25 को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा।

पुलिया से टकराकर खाई में गिरी स्कूटी, युवक की मौत, भाई घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: शाहजहांपुर किसी कार्य से आए हरदोई निवासी दो भाई स्कूटी से घर लौट रहे थे। हरदोई रोड पर ऐठापुर गांव के सामने स्कूटी अचानक पुलिया से टकराकर सड़क किनारे खाई में गिर गई, जिससे दोनों भाई घायल हो गए। सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस घायलों को मेडिकल कॉलेज लेकर आई। जहां डॉक्टर ने एक भाई को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे भाई के मामूली चोट आने पर मलहम पट्टी करके छुट्टी कर दी।

विशाल अरोड़ा।

हरदोई के शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज निवासी विशाल अरोड़ा(28) छोटे भाई शिवम के साथ गुरुवार की दोपहर बाद शाहजहांपुर किसी कार्य से आए थे। दोनों भाई शाम साढ़े सात बजे स्कूटी से शाहजहांपुर से हरदोई वापस जा रहे थे।

स्कूटी विशाल चला रहा था और छोटा भाई शिवम पीछे बैठा था। हरदोई रोड सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव ऐठापुर के सामने स्कूटी अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराती हुई सड़क के किनारे खाई में जाकर गिर गई, जिससे दोनों भाई घायल हो गए।

राहगीरो की सूचना पर एसओ रोहित सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डॉक्टर ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवम अरोड़ा के मामूली चोट आने पर मलहम पट्टी करके छुट्टी कर दी गई। हादसे में स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मृतक विशाल की हरदोई के शाहाबाद में जनरल स्टोर की दुकान है। उसकी मौत से मां अनीता अरोड़ा बेहाल है। सूचना मिलने पर सगे संबंधी भी विलाप करने लगे।

इधर, जिले में पंजाबी एकता मंच की एक बैठक हुई, जिसमें साथी व्यापारी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में संजय सेठी, महेंद्र चावला, नरेश गंभीर, रमन, पुनीत आदि मौजूद रहे।

● **शाहजहांपुरसे लौट रहे थे हरदोई, परिवार में कोहराम**

टूटी अलमारी व बिखरा पड़ा सामान।

गेट का ताला तोड़ चोरों ने पार किया लाखों का माल

संवाददाता, बंडा

अमृत विचार: चोरों ने गेट का ताला तोड़कर मकान में रखा सोना, चांदी, नगदी व एक मोटरसाइकिल सहित करीब 32 लाख रुपये की चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा।

कस्बा बंडा के मोहल्ला बाबा चरनदास कालोनी निवासी अमित गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 मई को उसकी माता का देहांत हो गया था। ऐसे वह और उसका परिवार अपने पैतृक गांव ररुआ चले गए थे। बृहस्पतिवार की रात अज्ञात चोर गेट का ताला तोड़कर मकान में घुस आए और घर में रखे चार लाख पचास हजार रुपये नगद, गुल्लक में रखे एक लाख रुपये, 7 तोले का मंगलसूत्र, सोने की 15 अंगूठी, एक जोड़ी कुंडल, तीन तोले की एक सोने की चेन, एक सोने का पैंडल, सोने के एक जोड़ी झाले, चांदी की पांच जोड़ी पायल, चांदी का बिछुआ, चांदी के पांच बर्तन और एक मोटरसाइकिल सहित करीब 32 लाख रुपये का समान चोरों ने पार कर दिया। सुबह जब मोहल्ला वालों को जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलवाया। फोरेंसिक टीम व पुलिस ने जांच पड़ताल की। बंडा थाने से महज़ 200 मीटर की दूरी पर चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। फिर भी पुलिस को जानकारी नहीं हुई। इससे पहले भी पिछले वर्ष 12/13 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने थाने के पीछे से ही एक युवक के घर को अपना निशाना बनाया था। जहां से चोरों ने 50 हजार रुपये की नगदी समेत सोने के गहने और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। नौ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस अज्ञात चोरों का पता नहीं लगा सकी है। इसके साथ ही 4/5 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने बंडा के गांव टाह निवासी उमेश, दिनेश और मनोज के घर से लाखों रुपये की चोरी की थी। दो माह बीत जाने के बाद भी अब तक बंडा पुलिस किसी भी चोर का पता नहीं लगा सकी है। इसके साथ ही आए दिन बंडा कस्बे से लगातार साइकिल चोरी हो जाने, मोबाइल गायब हो जाने और लोगों की जेब कट जाने जैसी तमाम घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं, लेकिन बंडा पुलिस इन घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। जिसके चलते आए दिन क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए लोग पुलिस पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं।

लोगों से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

● **सूचना पर पहुंची पुलिस ने की जांच-पड़ताल**

● **चोरों का सुराग लगाने के प्रयास में जुटी पुलिस**

> मौके पर जांच पड़ताल की गई है। 10 से बारह लाख रुपये की चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हर पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। **- राकेश मौर्य**, थाना प्रभारी

निरीक्षण में सब सही मिला

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही में अभिलेख देखतीं अपर निदेशक डॉ. पुष्पा पंत।

संवाददाता, निगोही

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को अपर निदेशक बरेली डॉ. पुष्पा पंत, सयुंक्त निदेशक डॉ. अनिल चौधरी और सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्टाफ मौजूद मिला व साफ-सफाई भी संतोषजनक मिली। अधिकारियों ने ओपीडी रजिस्टर का निरीक्षण किया, तो पता चला की ओपीडी में 380 मरीज देखे जा चुके थे। इसी क्रम में उप केंद्र सहदेवपुर का भी निरीक्षण किया गया। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कोमल उपस्थित थीं, जो मरीज देख रही थीं। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन चौधरी, क्वालिटी मैनेजर डॉ. तौकीर आदि मौजूद रहे।

● **चिकित्साधिकारियों ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण**

दो-दो सफाई कर्मचारियों की तैनाती, फिर भी बजबजा रही नालियां

गंदगी से परेशान डभौरा गांव के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, कहा- अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

संवाददाता, तिलहर

- बीडीओ और एडीओ से की जा चुकी है शिकायत
- पिछले छह माह से गांव में सफाई करने नहीं आए कर्मी

अमृत विचार: नगर से सटे गांव डभौरा के ग्रामीणों ने गंदगी को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण बीडीओ और एडीओ पंचायत से कई बार शिकायत कर चुके हैं। गांव की सभी नालियां चोक हो गई हैं। जिसके चलते ग्राम वासियों का निकलना मुश्किल हो गया है।

तिलहर विकासखंड के गांव डभौरा में सड़कों पर नालियों का गंदा पानी बह रहा है। गांव में गंदगी का अंबार लगा है और नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। लोग दलदल से गुजरने को मजबूर हैं। गंदगी के चलते संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। गांव में जाते ही इसका अहसास हो जाएगा कि सफाई कब से नहीं हुई है। गांव की नालियां व नाला पूरी तरह से चोक हैं। सफाई कर्मी पिछले 6 महीने से गांव में सफाई करने नहीं आ रहे हैं। लोगों ने इसकी शिकायत विकास खंड में कई खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत से की, लेकिन फिर भी सफाई नहीं हो सकी है।

जबकि गांव में दो-दो सफाई कर्मी नियुक्त हैं, लेकिन दोनों सफाई कर्मी पिछले छह माह से गांव में सफाई करने नहीं आए हैं, जिससे गांव की नालियां व नाला पूरी तरह से चोक हो चुके हैं। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। शुक्रवार को तमाम ग्रामीण महिला व पुरुष इकट्ठा हुए और उन्होंने गलियों में अधिकारियों के प्रति प्रदर्शन कर नाराजगी जताई, लेकिन प्रदर्शन के दौरान कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम प्रधान शबनम बेगम से ग्रामीणों ने सफाई को लेकर शिकायत की तो उन्होंने चुनाव के बाद गांव में सफाई करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब चुनाव भी निपट गया है। गांव में अभी तक सफाई कर्मी नहीं पहुंचे और गांव की नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर गांव की नालियों की सफाई नहीं की गई तो वह विकासखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान एडीओ पंचायत विकासखंड तिलहर से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था।

डभौरा गांव में सफाईकर्मचारियों के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

सड़कों पर बह रहा नालियों का गंदा पानी

गंदगी से नाला चोक होने से बंद हो गई पानी की निकासी। ● अमृत विचार

क्या बोले ग्रामीण.....

सफाई कर्मी पिछले लगभग छह-सात माह से गांव में नहीं आए हैं जिसके चलते राहगीरों को सड़कों से निकलना मुश्किल हो रहा है और सड़कों पर नालियों का गंदा पानी बह रहा है यह बहुत बड़ी समस्या है।

-अरविंद कुमार

नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे छोटे बच्चे गिरकर चोटिल होते हैं। पिछले काफी समय से गांव में सफाई कर्मी नहीं आए हैं और न ही गांव में सफाई की गई है। जिसकी कई बार प्रधान से भी शिकायत कर चुके हैं।

-निखिल कुमार

हमारा गांव नगर से सटा हुआ है। फिर भी कभी कोई अधिकारी गांव में निरीक्षण करने नहीं आया। जबकि कई बार विकासखंड मुख्यालय पर गांव में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं नालियां चौक हैं जिसकी शिकायत कर चुके हैं लेकिन अधिकारी अभी तक गांव में नहीं आए हैं।

-आदेश कुमार

गांव में दो-दो सफाई कर्मियों की नियुक्ति है। फिर भी दोनों सफाई कर्मी गांव में सफाई करने नहीं आए हैं, जिससे गांव की नालियां गंदगी से बजबजा जा रही हैं। नालियों का गंदा पानी रोड पर बह रहा है, जिसके चलते गंदगी से होने वाली संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

-सुखदेव

सफाई न होने के चलते गंदगी से पटी सड़क। ● अमृत विचार

इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। शिकायत आने पर जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-घनश्याम सागर, डीपीआरओ।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्स, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन

9837892555 9412192305

बसपा जिलाध्यक्ष को झूठे मामले में फंसाने की धमकी

शाहजहांपुर, अमृत विचार: बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राधेश्याम भारती एडवोकेट ने एसपी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्तमान बसपा का जिलाध्यक्ष हूं। एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल से जिलाध्यक्ष की छवि धूमिल करने व अपमानित करने व प्रतिष्ठा गिराने की नीयत से फेसबुक व व्हाट्सएप पर उनका फोटो लगाकर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की मदद करने व भाजपा से इनाम के बाबत पोस्ट डाली गई। बसपा जिलाध्यक्ष ने गुरुवार को आरोपी से संपर्क किया तो पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी है। एसपी ने सीओ तिलहर को जांच सौंपी है।

आचार संहिता हटी, हैंडपंप रिबोर की जांच ने पकड़ी रफ्तार

संवाददाता, खुटार

- डीएम ने टीम गठित कर जांच करने के दिए थे निर्देश
- चार ग्राम पंचायतों में हुई रिबोर की जांच, मिली गड़बड़ी

अमृत विचार: जिले में हैंडपंप रिबोर में बड़ा गोलमाल होने के चलते कस्बा पुवायां के मोहल्ला कसभरा अस्तल निवासी विनीत रस्तोगी की पत्नी चंद्रकला ने उप लोकायुक्त को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि जिले में अलग-अलग ब्लॉकों में हैंडपंप रिबोर में बड़ा गोलमाल किया गया है। उपलोकायुक्त के निर्देश पर डीएम ने अलग-अलग तीन सदस्यीय टीम गठित कर हैंडपंप रिबोर की जांच करने के निर्देश दिए थे। कई माह से हैंडपंप रिबोर की जांच चल रही थी।

आचार संहिता हटने पर शुक्रवार को खुटार ब्लॉक की ग्राम पंचायत अठकोना में जल निगम के जेई अरविंद पटेल, कृष्ण कुमार मिश्र, विष्णु व ग्राम पंचायत सचिव विनोद कुमार यादव टीम में शामिल होकर गांव अठकोना की ग्राम पंचायत की ग्राम सभा महेशपुर पहुंचे। जहां पर हैंडपंप रिबोर की बारीकी से जांच की गई। रिबोर में बोरिंग व पाइप सही पाए गए, लेकिन प्लेटफॉर्म बने नहीं मिले। उसके बाद टीम ग्राम पंचायत राठ की ग्राम सभा कुंभिया माफी पहुंची। वहां पर दो हैंडपंप की जांच की गई। जहां बोरिंग के अलावा प्लेटफॉर्म बना नहीं मिला। टीम ने ग्राम पंचायत रुजहा खुर्द की गांव सभा गेंहुआ में प्राथमिक विद्यालय में लगे हैंडपंप रिबोर की जांच की। गांव रुजहा कलां में भी रिबोर में गड़बड़ी पाई गई। इसके बाद गांव रसवां कलां के अंतर्गत आने वाले कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय व सरस्वती शिशु मंदिर में हैंडपंप रिबोर की जांच की गई। वहां पर भी प्लेटफॉर्म बने नहीं पाए गए।

हैंड पंप रिबोर की जांच करती टीम। ● अमृत विचार

मामले की जांच चल रही है। हैंडपंप रिबोर में गड़बड़ी पाई गई है। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में लगे हैंडपंप रिबोर की जांच बारीकी से की जाएगी। उसके बाद ही जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

-अरविंद पटेल, जेई जल निगम

हैंडपंप रिबोर की जांच टीम लगातार अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जाकर कर रही है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

-वीरेंद्र कुमार मिश्र, खंड विकास अधिकारी

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आंधी में गिरे वृक्ष का ककरा में किया पुनःरोपण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: नगर निगम ने आंधी-तूफान में गिरे हुए वट वृक्ष को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को न्यू सिटी स्थित जैव विविधता पार्क में क्षतिग्रस्त बरगद पेड़ की जड़ का पुनः रोपण करने का सराहनीय कार्य किया है।

नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा के मार्गदर्शन में गिरे हुए वृक्ष की जड़ का रोपण किया गया। साथ ही मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान के अंतर्गत नगर आयुक्त और उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी ने न्यू सिटी ककरा पार्क में बरगद की नई पौध लगवाने और उन्हें संरक्षित करने का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए जाएं और उनमें नियमित पानी भी दिया जाए। इस मौके पर आईटी एक्सपर्ट सैफ सिद्दीकी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, उद्यान लिपिक अमर दीप आदि मौजूद रहे।

गिरे वृक्ष की जड़ को पुनः रोपित करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा और उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी। ● अमृत विचार

- नगर निगम की अनूठी पहल नई पौध भी लगाने के निर्देश

स्वच्छता, पेयजल, सफाई को बना कंट्रोल रूम

प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी/हीट वेव एवं आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत प्रदेश के नगरीय निकायों में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, नाला नालियों की सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने बताया कि कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 5842-225437 और 7355003882 है, जिस पर नगरवासी स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, मार्ग प्रकाश तथा नाले-नालियों की सफाई, जलभराव आदि की समस्या से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

रंजिशन व्यक्ति को किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार: बंडा थाना क्षेत्र के गांव खखरा बुजुर्ग निवासी ईश्वरवती ने बताया कि तीन जून को रात दस बजे गांव का उमेश उसके दरवाजे पर आकर गाली देने लगा। उसके पति फूलचंद्र ने गाली-गलौज का विरोध किया।

इस दौरान विवाद हो गया। आरोपी उमेश ने उसके पति को पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुन लोगों के आ जाने से आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी उमेश तथा रमेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने लगाई सबील

सबील लगाकर शरबत वितरण करते मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से शुक्रवार को नगर में शरबत वितरण किया गया।

भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए शुक्रवार को मोहल्ला बाड़ूजई प्रथम स्थित मस्जिद शेरुज्जमा खां के समीप सबील लगाकर राहगीरों को शीतल शरबत पिलाया गया। चिलचिलाती धूप में झुलस रहे राहगीरों और आसपास के लोगों ने ठंडा शरबत पीकर गला तर किया। आयोजन में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के ब्रज प्रांत सहसंयोजक सरताज मंसूरी, शाह आलम, फाजिल खान, निसार अहमद, मोहम्मद शमीम, नकीउल्लाह खान, शाहरुख खान, हाजी फारुक खान, मोहम्मद फैजान, इकराम, शैलू आदि का सहयोग रहा।

शर्बत का प्याऊ लगाया, गर्मी से राहत

शर्बत के प्याऊ पर राहगीरों को शर्बत पिलाते युवा। ● अमृत विचार

संवाददाता,खुटार

अमृत विचार: भीषण गर्मी और तेज धूप की तपिश से लोगों का हाल बेहद खराब है। धूप और लू लोगों को झुलसा रही है।

गर्मी से राहत देने के लिए युवाओं ने शुक्रवार को मेन मार्केट में शर्बत का प्याऊ लगवाया। सड़क से गुजर रहे वाहनों को रोककर राहगीरों को शर्बत बांटा। जिस पर राहगीरों ने ठंडा पानी में मिली चीनी का शर्बत पीकर राहत ली। युवाओं ने सुबह से शाम तक यह आयोजन चलाया। कई व्यापारियों ने भी सहयोग किया। आयोजन में संजय गुप्ता, प्रमोद, यश वर्धन, राहुल गुप्ता, सत्यदेव शुक्ला, प्रशांत शर्मा, गजेश पाल, अरविंद, सूर्यप्रकाश, पवन देवल, सर्वेश कुमार गंगवार, दिनेश कुमार पटेल, मोहित कुमार पटेल आदि का सहयोग रहा।

एक नजर

पराली प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण की दी जानकारी

शाहजहांपुर। प्रथम मॉड्यूल के तहत शुक्रवार को जिले की 90 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन किया गया। जिनमें कृषकों को कृषि और सहयोगी विभाग की ओर से चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। किसान पाठशालाओं में कृषि विभाग के कार्मिकों द्वारा ट्रेनर के रूप में जानकारी उपलब्ध कराई गई और प्रगतिशील कृषकों ने विचार साझा किए। उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय किसान पाठशालाओं में 14000 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया। राईखेडा की भेदपुर ददरौल में उप कृषि निदेशक ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों को जानकारी दी गई। पराली प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण, मिलेट्स उत्पादन आदि के बारे में बताया गया।

पत्रकार की माता का निधन

सेहरामऊ दक्षिणी। पत्रकार उमाकांत श्रीवास्तव की माता शीला देवी(90) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका दाह संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे ग्राम दिवैयापुर में गर्रा नदी के किनारे स्थित खेत पर होगा। वह अपने पुत्र-पुत्रियों में रमाकांत श्रीवास्तव की पत्नी मंतोष श्रीवास्तव, उमाकांत श्रीवास्तव लाला पत्रकार, सीमा देवी, श्रीकांत श्रीवास्तव, सरोज, शशिकांत श्रीवास्तव, पुत्रवधू पूनम देवी, ऋषि कांत, श्रीवास्तव और पुत्रियों में निर्मला श्रीवास्तव व रेनू श्रीवास्तव को रोता हुआ छोड़ गई हैं।

चेतावनी बेअसर...कागजों में भरे जा रहे अमृत सरोवर...हालत बदतर

सीडीओ के आदेश के बाद भी सूखे अमृत सरोवरों में नहीं भरा गया पानी, प्यास से पशु-पक्षी व्याकुल, अधूरी खोदाई कर छोड़ दिए गए सरोवर

संवाददाता, खुटार

अमृत विचारः खुटार ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में बनाये गए अमृत सरोवरों की हालत हद से बदतर है। यहां अमृत सरोवर में पानी, पेड़ की छांव, बैठने की व्यवस्था तक नहीं है और झड़ियां खड़ी है। जहां साफ सफाई का किसी का ध्यान नहीं है। सरोवर का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार सिर्फ कागजों में चलाया जा रहा है। ऐसे में अधिकारी भी जांच करने मौके पर नहीं पहुंच रहे है। जिससे हालात हद से बदतर है। जबकि सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने अमृत सरोवर, तालाब में पानी भरने के आदेश दिए हैं। बावजूद इसके अधिकारियों पर चेतावनी का कोई असर नहीं दिखाई नहीं पड़ा है।

अमृत सरोवर के मामले में अमृत विचार अखबार ने 22 मई को खबर को प्रकाशित कर इस मुद्दे को उठाया था। खबर छपने के बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया। उसी दिन सीडीओ अपराजिता सिंह ने विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में अमृत सरोवर में जल की उपलब्धता करने की जिम्मेदारी सौंप गई थी। इस चेतावनी के बाद भी इसका असर कहीं दिखाई नहीं दिया। खुटार के गांव पिपरिया बिरसिंहपुर का अमत सरोवर अधूरा पड़ा है। साथ ही पानी की एक बूंद नहीं है। गांव अंडहा का सरोवर पांच किमी दूर मजरा खढुआ में है। जहां नाम मात्र पानी है और खोदाई अधूरी कर छोड़ दिया गया। इसके अलावा यही हालात गांव रौतापुर कलां में सरोवर का है। सरोवर में एक बूंद पानी नहीं है। इन सरोवर के चारों ओर पेड़ की छांव, बैठने की व्यवस्था आदि अधूरी है। केवल नाम के लिए अमृत सरोवर है, लेकिन अधिकारी अमृत सरोवरों का निरीक्षण करने की जरूरत नहीं समझते हैं। जिससे स्थानीय अधिकारी कागजों में सरोवरों का कायाकल्प दिखाकर चला रहे है।

पिपरिया विरसिंहपुर के अमृत सरोवर में उगी झाड़ियां।। ● अमृत विचार

सूखा पड़ा अंडहा काअमृत सरोवर। ● अमृत विचार

रौतापुर कलां के अमृत सरोवर में दिखने लगी जमीन। ● अमृत विचार

- **अमृत विचार में प्रकाशित खबर पर लिया गया था संज्ञान**
- **सरोवर का सौंदर्यीकरण सिर्फ कागजों में चलाया जा रहा है**

11 से 12 अमृत सरोवर में पानी भरवाए जाने की जानकारी है। बाकी जानकारी एपीओ के पास है। एपीओ के आने पर पूरी जानकारी दी जाएगी। – **वीरेंद्र मिश्रा**, बीडीओ खुटार

प्रधान और सचिवों की बैठक कर अमृत सरोवर में पानी भरने के लिए कहा गया था। चुनाव में व्यस्तता रहने के कारण अमृत सरोवरों पर ध्यान नहीं दे पाए। निरीक्षण किया जाएगा। जो अमृत सरोवर सूखे पड़े है। उनमें पानी की व्यवस्था कराई जाएगी। –**नमित दीक्षित** ब्लॉक प्रमुख खुटार

बीडीओ बोले, 11 से 12 सरोवर में भरा पानी

अमृत सरोवर की देखरेख की व्यवस्था का जिम्मा अधिकारी एक दूसरे पर डाल रहे हैं। साथ ही कार्रवाई से बचने का प्रयास भी। शुक्रवार को बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा से अमृत सरोवरों का हाल जानने के लिए पूछा तो कह दिया गया कि 11 से 12 सरोवरों में पानी भरा जा चुका है। तो वहीं, एपीओ विपिन ने कहा कि पानी भरने का काम सिंचाई विभाग का है और उनके पास ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। जबकि बोरिंग नहीं है। इससे तालाबों में पानी कैसे भरा जाए। दोनों अधिकारियों ने यह बात कहकर साफ कर दी कि अमृत सरोवर की देखरेख किसकी है और इसमें पानी कौन भरेगा? यह बात कहने के बाद अधिकारियों ने पल्ला झाड़ लिया है।

बीडीओ को निगरानी करने के दिए गए थे आदेश

अमृत सरोवर में पानी उपलब्धता कराये जाने को लेकर 22 मई को सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने बैठक कर सभी बीडीओ को दिशा निर्देश दिए थे कि तालाबों का संरक्षण और उनमें जल की उपलब्धता है या नहीं इसकी निगरानी खुद बीडीओ करेंगे। रोजाना फोटोग्राफ के साथ इसकी रिपोर्ट सीडीओ कार्यालय को भेजी जाएगी। इससे तालाब का कायाकल्प होगा और उसमें पानी उपलब्ध रहेगा। साथ ही वह खुद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगी। आदेश के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया।

ब्लॉक प्रमुख ने प्रधान और सचिव के साथ की थी बैठक

अमृत सरोवरों में पानी भरने और उसका संरक्षण सही से हो सके। इसके लिए ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने 27 मई को ब्लॉक परिसर में प्रधान और सचिव के साथ बैठक की थी। बैठक में कहा गया था कि सभी प्रधान और सचिव अपने क्षेत्र में तालाबों, अमृत सरोवर में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इससे पशु पक्षियों को भी इस भीषण गर्मी में प्यास बुझाकर राहत मिलेगी। दिशा निर्देश के बाद भी जिम्मेदारों ने ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी। इससे अमृत सरोवर सूखे है और अधूरे पड़े हुए हैं।

अमृत सरोवरों में पानी भरने का काम सिंचाई विभाग का है। हमारे पास पानी भरने का कोई प्रावधान नहीं है। जिससे अमृत सरोवरों में पानी नही भरा गया है। –**विपिन कुमार**, एपीओ ब्लॉक खुटार

तमंचा समेत गिरफ्तार : **शाहजहांपुर।** तिलहर थाना के उप निरीक्षक मोहित कुमार को शुक्रवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि पुराना रोडवेज बस अड्डे के निकट एक संदिग्ध युवक खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़ा गया अभियुक्त विकास मिश्रा निवासी बहादुरगंज थाना तिलहर है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

जिले में खुलेंगे 40 वन स्टॉप शॉप कृषि केंद्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर।

- **स्वतंत्र कृषि व्यवसाय केंद्र की स्थापना के लिए सरकार देगी अनुदान**

अमृत विचारः जिले में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना एग्री जंक्शन के तहत शहरी क्षेत्र में 10 और ग्रामीण क्षेत्र में 30 वन स्टॉप शॉप कृषि केंद्र खोले जाएंगे।

इस तरह कुल 40 कृषि केंद्र खोलने का लक्ष्य जिले को सरकार की ओर से मिला है। जिसके तहत बीज लाइसेंस शुल्क 1000 रुपये प्रति केंद्र जमा करना होगा। इसी तरह उर्वरक का लाइसेंस शुल्क 1250 रुपये प्रति केंद्र और कीटनाशक की दुकान खोलने के लिए 7500 प्रति केंद्र शहरी और 1500 रुपये प्रति केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में शुल्क रखा गया है। उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से परिसर के किराए में भी 50 प्रतिशत की धनराशि दी जाएगी। यह रकम 1000 प्रति माह से ज्यादा नहीं होगी। इसके अलावा लाभार्थी को बैंक से ऋण लेने पर ब्याज अनुदान दिलाया जाएगा।

योजना के लाभ के लिए लाभार्थी को कृषि स्नातक या कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक होना चाहिए। उसकी आयु 40 साल से ज्यादा न हो। जिनकी जन्मतिथि पहले होगी उन्हें वरीयता दी जाएगी।

युवती को जान से मारने की धमकी

शाहजहांपुर, अमृत विचारः रोजा थाना क्षेत्र के गांव निवाजपुर निवासी संजना सिंह ने बताया कि दो जून की रात साढ़े दस बजे घर पर अकेले थी। पड़ोसी सोनपाल अपने साथियों के साथ उसके घर आया और गाली देने लगा।

आरोपियों ने धमकी दी कि तुम्हारे परिवार को गांव में रहने नहीं देंगे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। सभी आरोपी हाथ में डंडे और तमंचे लिए हुए थे। उसके माता-पिता व अन्य दावत में गए थे। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उसकी आरोपी सोनपाल से पुरानी रंजिश चल रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि सोनपाल, प्रदीप सिंह, अतुल सिंह, संदीप सिंह, पवन सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

लापता पति की तलाश में बच्चों के साथ दर-दर भटक रही महिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पति को नहीं तलाश पा रही तिलहर पुलिस, एसपी से मिला पीड़ित परिवार**

अमृत विचारः लापता पति की तलाश में महिला बच्चों को लेकर दर-दर भटक रही है। एक महीना दस दिन बाद भी पुलिस महिला के पति को ढूंढ नहीं पाई है। जबकि पत्नी व अन्य परिजन व्याकुल हो रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने एसपी से मिलकर पति की तलाश करने की मांग की।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव परसोनी निवासी अनीता पत्नी अशोक कुमार ने एसपी को पत्र देकर बताया कि 24 अप्रैल को उनके पति अशोक कुमार घर से शाम करीब छह बजे निकले थे, लेकिन वापस नहीं आए। उन्होंने जान पहचान वाले और रिश्तेदारी में काफी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने कोतवाली में यह सोचकर गुमशुदगी दर्ज करा दी कि पुलिस उनके पति को ढूंढ लेगी। अब गुमशुदगी दर्ज कराए हुए एक महीना दस दिन का समय बीत चुका है, लेकिन उनके पति का कुछ पता नहीं है। तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी की उम्र लगभग 19 साल है। अन्य बच्चे उससे छोटे हैं। वह पति की तलाश में बच्चों को लेकर भटक रही है, लेकिन पति का कहीं कुछ पता नहीं चल रहा है। शुक्रवार को महिला बच्चों के साथ एसपी अशोक कुमार मीणा से मिली और पति को तलाश करने की मांग की। अनीता ने बताया कि उसके पति ट्रैक्टर चलाया करते थे। पति के लापता होने के बाद से ट्रैक्टर स्वामी भी रुद्रपुर चला गया है। पुलिस को उससे पूछताछ करनी चाहिए, लेकिन पुलिस ऐसा नहीं कर रही है। अभी तक ट्रैक्टर स्वामी से पूछताछ नहीं की गई है। उसने पुलिस से जल्द पति को तलाश करने की मांग की है।

बच्चों के साथ महिला।

प्रगति की समीक्षा कर राजस्व बढ़ाने के निर्देश

संवाददाता, रौसर कोठी

अमृत विचारः संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ जोन सुनील मिश्रा ने शुक्रवार को जिला आबकारी कार्यालय में समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान संयुक्त आबकारी आयुक्त द्वारा जिले में पिछले वर्ष के लक्ष्य के सापेक्ष उपभोग से प्राप्त राजस्व व जनपद में किए जा रहे प्रवर्तन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी ने उदय प्रकाश ने अवगत कराया कि विगत वर्ष राजस्व प्राप्ति में पूरे प्रदेश में शाहजहांपुर छठवें स्थान पर रहा था, जिसके संबंध में संयुक्त आबकारी आयुक्त ने आबकारी स्टाफ की सराहना की। आबकारी अधिकारी ने राजस्व बढ़ाए जाने के लिए लिए निर्धारित कार्य योजना से अवगत कराते हुए सूचित किया कि जनपद में दो निर्माणाधीन आसवनियों में से एक में शीघ्र ही उत्पादन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। संयुक्त आबकारी आयुक्त ने जनपद के सभी आबकारी निरीक्षकों के कार्यों की क्षेत्रवार समीक्षा की और प्रवर्तन कार्य को बढ़ाने के साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दिशा निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त जनपद में बीयर व विदेशी मदिरा के उपभोग से प्राप्त राजस्व को बढ़ाए जाने के लिए भी प्रेरित किया। बैठक में डालमिया आसवनी के सहायक आबकारी आयुक्त रवि शंकर पाठक, मालब्रोस आसवानी के सहायक आबकारी आयुक्त राजेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देते आबकारी आयुक्त मेरठ सुनील मिश्रा।

- **संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ ने की बैठक**

ट्रेन की चपेट में आई महिला, मौत

तिलहर, अमृत विचारः शुक्रवार की सुबह साढ़े पांच बजे एक महिला टहलने के लिए निकली थी। तिलहर स्टेशन के निकट वह लाइन पार कर रही थी। बरेली की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को मेमो दिया। जीआरपी मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया। मृतका की उम्र 55 साल है। इधर तिलहर के मोहल्ला केलरगंज निवासी धीरज गुप्ता को सूचना मिलने पर परिवार के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला के शव की शिनाख्त मां कलावती गुप्ता के रूप में की। उन्होंने बताया कि उसकी मां रोजाना सुबह टहलने जाया करती थीं। महिला के तीन बेटे हैं। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

ज्येष्ठ माह में ढकिया रोड पर हुआ भंडारे का आयोजन

भंडारे में प्रसाद छकते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचारः स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के दक्षिणी द्वार पर समाजसेवी मनोज शर्मा की ओर से ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में सत्यनारायण कथा और कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन कराया गया। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह में किए गए पुण्य कार्यों का कई गुना फल मिलता है। जीव -जंतुओं और जरूरतमंद लोगों की जल और भोजन देकर सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त करना चाहिए। भंडारे में मनोज शर्मा, सुनीता शर्मा, सिद्धार्थ, अभिनव, पवन शर्मा, शत्रुघ्न मिश्रा, उमेश शर्मा, अतुल कुमार, सौरभ त्रिवेदी, प्रदीप वैरागी आदि मौजूद रहे।

आरोपी के भाई के घर तोड़फोड़ करने का आरोप

संवाददाता, कलान

अमृत विचारः लड़की भगाकर ले जाने के आरोपी के भाई के घर में घुसकर तोड़फोड़ की यहां तक की घर का चूल्हा भी तोड़ दिया महिला से अभद्रता की। पीड़ित ने मामले की शिकायत में पुलिस अफसरों से की है।

थाना क्षेत्र के गांव मदनपुर निवासी दिनेश का छोटा भाई अवधेश एक लड़की भगा ले गया है। दिनेश ने बताया कि उसका भाई लगभग 12 साल से उससे अलग दूसरे के यहां रह रहा है। भाई से उसका कोई वास्ता नहीं है। कलान थाने की पुलिस गुरुवार को मदनपुर जाकर दिनेश के घर पर दबिश दी। उस समय दिनेश घर पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने घर में जमकर तोड़फोड़ की। घर का चूल्हा भी पुलिस ने तोड़ डाला। दिनेश की पत्नी के साथ पुलिस वालों ने अभद्रता की। इसके बाद खेत पर लगे समरसेबल पर भी पुलिस टीम पहुंची और समरसेबल को भी तोड़ दिया। पीड़ित ने जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस अफसरों से शिकायत की है।

समस्याओं का निस्तारण नहीं, किसानों ने दिया धरना

संवाददाता, बंडा

अमृत विचारः राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने 25 मई को उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन भेज समस्याओं का जल्द निस्तारण कराए जाने की मांग की थी।

ज्ञापन में बंडा ब्लॉक में प्राइवेट तौर पर कार्य कर रहे लड़कों को हटाने, मकसूदापुर चीनी मिल से गन्ने का बकाया भुगतान कराने, छुट्टा पशुओं और आवारा बंदरों पर लगाम कसने जैसी सात समस्याओं का ज्ञापन दिया गया था, लेकिन समस्याओं का निस्तारण न होने पर गुस्साए किसानों ने शुक्रवार को विकासखंड बंडा के कार्यालय के सामने ही एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। एडीओ आईएसबी रघुनंदन वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही मकसूदापुर चीनी मिल से गन्ने का बकाया भुगतान दिलाने की मांग की।

बताया कि मांगों को लेकर 25 जून को चीनी मिल गेट के सामने कार्यकर्ताओं की ओर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान संगठन के जिला प्रभारी रूम सिंह यादव, राम खिलावन शुक्ला, बलवीर सिंह, वीरपाल चौहान, खुशीराम वर्मा, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, उमाशंकर गंगवार व विनोद कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एडीओ आईएसबी रघुनंदन वर्मा को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **25 मई को दिए गए ज्ञापन की मांगे पूरी न होने पर ब्लॉक कार्यालय पर किया प्रदर्शन**

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

खून के आंसू

हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

नाराज ग्रामीणों ने खेत में शव रख किया प्रदर्शन, पुलिस के समझाने पर माने परिजन

संवाददाता, मितौली

- झुलसा शव देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा

अमृत विचारः थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक बुजुर्ग की जान चली गई। वह पशुओं के लिए घास काटकर वापस घर आ रहा था। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद से लोगों में भारी गुस्सा है। गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ ही खेत में शव रखकर कर प्रदर्शन किया। लापरवाह बिजली अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। पुलिस और संभ्रांत लोगों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिवार वाले शांत हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के गांव डहर के निकट बहोरी पुरवा गांव निवासी रामपाल (60) पुत्र धनीराम भार्गव शुक्रवार सुबह अपने मवेशियों के लिए घास काटने के लिए खेतों की तरफ गए थे। घास लेकर वह वापस पैदल घर आ रहे थे। तभी वह खाली पड़े गेहूं के खेत में पड़े 11000 केवीए की लाइन के तार के चपेट में आ गए और उनकी झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

जमीन पर पड़ा तार और झुलसा शव देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास करने लगी। परिजनों ने शव नहीं उठाने दिया और ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना था कि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जाए और लापरवाह बिजली विभाग के अधिकारियों और कार्रचारियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उसके बाद ही वह शव का पोस्टमार्टम कराएंगे। मौके पर मौजूद खम्हरिया प्रधान प्रतिनिधि अनूप राठौर, डहर प्रधान प्रतिनिधि, सचिन सिंह, नितिन सहित प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्तियों ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें

स्पीच थेरैपी
हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

ऑक्सीजन लाइन काटने के मामले में तीन डॉक्टरों समेत पांच पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिसौली

- बिसौली क्षेत्र के माहेश्वरी अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटता पकड़ा गया था युवक
- अस्पताल स्टाफ की पूछताछ में युवक ने बताया, तीन डॉक्टरों के कहने पर काट रहा था लाइन

अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप काटते युवक को पकड़ा
• दूसरे अस्पताल संचालक के कहने पर काट रहा था पाइपलाइन
संवाददाता, बिसौली (बदायूं)
अमृत विचार : बिसौली के एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटते एक युवक को पकड़ लिया गया। युवक ने सहसवान के एक चिकित्सक, उसके बेटे व अन्य व्यक्ति के कहने पर घटना को अंजाम देने की बात कही है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।
बिसौली में सोमवार बाजार स्थित माहेश्वरी अस्पताल के प्रबंधक रामप्रताप दुपहर दो बजे दूसरी मंजिल पर जा रहे थे। उनकी नजर चाकू से ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटते एक युवक पर गई। रामप्रताप ने उसे दबोच लिया और चाकू छीन लिया। इसी दौरान अस्पताल की एक महिला सफाईकर्मी आ गई। उसने बताया कि युवक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार और अश्लीलता की। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सहसवान के मोहल्ला चौधरी का मो. तारिक है। उसने बताया कि सहसवान के एक अस्पताल के चिकित्सक, उसके बेटे व एक अन्य व्यक्ति ने उसे पाइप काटने भेजा था। जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाए और वे अस्पताल बदनाम हो जाए। उसके साथ एक अन्य युवक भी था। रामप्रताप ने पुलिस को तहरीर दी है। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि जांच की जा रही है।

अमृत विचार : एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटने की कोशिश में पुलिस ने तीन डाक्टरों समेत पांच लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रचने, छेड़छाड़, धमकाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

गुरुवार को कस्बा बिसौली के सोमवार बाजर स्थित माहेश्वरी अस्पताल में भर्ती मरीजों की जान से खिलवाड़ किया गया। उन्हें सप्लाई करने वाली ऑक्सीजन की पाइप काटने की कोशिश हुई। अस्पताल के प्रबंधक रामप्रताप गुरुवार दोपहर दूसरी मंजिल पर जा रहे थे। उनकी नजर अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटते एक युवक पर गई। युवक चाकू से पाइप लाइन काट रहा था। उसके हाथ में प्लास, गैस का लाइटर भी था। आवाज लगाई तो वह धमकी देकर नीचे की ओर भागा। शोर सुनकर अस्पताल के स्टाफ ने उसे दबोच लिया और चाकू छीन लिया। इसी दौरान अस्पताल की एक महिला सफाईकर्मी आ गई। उसने बताया कि युवक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार और अश्लीलता की। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सहसवान के मोहल्ला चौधरी निवासी मोहम्मद तारिक बताया। उसने कहा कि वह सहसवान के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर के अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। उसे अस्पताल के डाक्टर, उनके दो डॉक्टर बेटों और एक अन्य ने भेजा था।

माहेश्वरी अस्पताल जाकर फोटो खींचने, वीडियो बनाने और पाइप लाइन काटकर आग लगाने को कहा था। उसके साथ एक और युवक था जो भाग गया। रामप्रताप की तहरीर पर तीनों डॉक्टरों सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे की जांच की जा रही है। आरोपी युवक से भी पूछताछ की जा रही है।

जालिम नगर में पुल से लटकता मिला बुजुर्ग का शव

संवाददाता, धौरहरा

अमृत विचारः खीरी-बहराइच सीमा पर स्थित जालिम नगर पुल पर एक वृद्ध का शव लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान कोतवाली धौरहरा के गांव चखलाखीपुर निवासी 65 वर्षीय गोले राम पांडेय के रूप में हुई है। परिवार वालों के पोस्टमार्टम कराने से इंकार करने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

गांव चखलाखीपुर निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि उनके भाई गोले राम पांडेय की पत्नी की मौत 25 साल पहले हो चुकी है। गुरुवार की शाम भाई घर से निकल गए थे। सुबह गांव से पांच किलोमीटर दूर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सरयू नदी के जालिम नगर पुल की रेलिंग में रस्सी के सहारे उनका लटका शव मिला है। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो नजदीकी पुलिस चौकी को सूचना दी। शव मिलने की खबर पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे तो शव उनके भाई का निकला। उन्होंने बताया कि पत्नी की मौत के बाद से भाई काफी उदास रहा करते थे।

उन्होंने इससे परेशान होकर खुदकुशी करने की आशंका जाहिर की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

बिजली का पोल लगाने पर विवाद, छह लोग घायल

पुवायां। बहादुरपुर बुजुर्ग गांव के कृष्णपाल ने तहरीर देकर बताया कि आंधी आने पर उनके खेत में लगे पोल टूट गए थे। शुक्रवार को पोल लगाने पर गांव के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में परिवार के छह लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर कार्रवाई का अश्वासन दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

बरतेर में नगदी और जेवर चोरी

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल के गांव बरतेर निवासी दिनेश कुमार पांडेय के घर गुरुवार की रात चोर घुस गए और 50 हजार रुपये की नगदी व करीब एक लाख के जेवर चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने बताया कि वह अपने घर की छत पर परिवार के साथ सो रहे थे। चोरों ने तीन कमरों में रखें बक्सों के ताले टूटे पडे थे। उनमें रखी रखी नथनी, मांग बेदी, मटर माला सोने का व एक जोड़ी पायल, चांदी के सिक्के और 50 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। घर से करीब बीस मीटर की दूरी पर आम की बाग में लोहे की छोटी बकसिया छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

बाइकों की भिड़ंत में बच्ची की मौत

लखीमपुर खीरी। ओरंगाबाद के गांव अमरोलिया के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार सुधीर पुत्र रामकेश (30) रिहाना पत्नी सुधीर (28), रुद्र पुत्र सुधीर (2), अर्शाना पुत्री सुधीर (5) वर्ष निवासी पलिया थाना खीरी और पुलिस दूसरी बाइक पर सवार रामपाल पुत्र गंगाराम (40), हरिकिशोर पुत्र सियाराम (35) निवासी ग्राम औसरी थाना मैगलगंज सवार थे। हादसे में रामपाल, सुधीर व अरसाना घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल भेजा, जहां अरसाना की मौत हो गई।

बीएएमएस के चुनौती मूल्यांकन को प्रदर्शन परीक्षा नियंत्रक की चाबी निकाल गाड़ी रोकी

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पीछे नहीं हटे समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्र सभा ने बीएएमएस की पूरक परीक्षा के चुनौती मूल्यांकन के फॉर्म खुलवाने के लिए प्रदर्शन किया। प्रशासनिक भवन का गेट बंद होने पर कार्यकर्ता फर्श पर बैठ गए और परीक्षा नियंत्रक की गाड़ी की चाबी निकालकर रोक ली। पुलिस की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं को परीक्षा नियंत्रक से मिलवाया गया। कार्यकर्ताओं ने फॉर्म न खुलने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

परीक्षा नियंत्रक के घेराव के मामले में बारादरी थाने में एफआईआर के बाद भी समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता पीछे नही हटे। जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को कार्यकर्ता और छात्र विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने धरने पर बैठ गए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले से ही भारी पुलिस बल बुला रखा था और प्रशासनिक भवन के गेट पर ताला डाल दिया। काफी देर नारेबाजी करने के बाद परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार छात्रों की बात सुनने के लिए आए, लेकिन पूरी बात सुने बिना ही मना करके चले गए। इसके बाद छात्र दोबारा धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे और पुलिस के समझाने के बावजूद भी नहीं माने।

प्रशासनिक भवन का गेट बंद करने पर फर्श पर बैठे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

छात्रों की मांग थी कि विश्वविद्यालय के कुलपति और परीक्षा नियंत्रक दोनों के सामने बातचीत होनी चाहिए। काफी देर नारेबाजी के बाद पुलिस प्रशासन, विश्व विद्यालय प्रशासन और छात्रनेताओं की आपसी बातचीत के बाद तय हुआ कि 1-2 दिन के भीतर ही समाजवादी छात्र सभा के नेताओं और छात्रों का एक

- **रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने दिया धरना**

प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय कुलपति और परीक्षा नियंत्रक के साथ बैठकर अपनी बात रखेंगे और छात्रों की जायज मांग को लेकर जल्द फैसला लिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के आश्वासन के बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया। सछास के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों का दर्द समझने का प्रयास ही नहीं कर रहा है। छात्रों के भविष्य का सवाल है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सय्यद फरहान अली, अमरीश यादव, अवनेश यादव, युनुस, अभिषेक यादव, रवि पंडित, रितेश यादव, बृजेश आजाद, बीएएमएस के छात्र आजम, धीरू, विवेक यादव, विकास यादव, मनीष शर्मा, मनोज राजपूत आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बरेली जंक्शन से आज चलेगी दक्षिण भारत के लिए ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन से पहली बार शनिवार को दक्षिण भारत के लिए ट्रेन का संचालन किया जाएगा। फिलहाल, एक फेरे के लिए यह ट्रेन चलाई जाएगी, जो जंक्शन से तमिलनाडु स्थित ताम्बरम स्टेशन तक चलेगी। इलेक्शन स्पेशल की रेक जंक्शन पर खड़ी थी, जिसे खाली न भेजकर यात्री ट्रेन के तौर पर चलाया जा रहा है। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह के अनुसार 04324 ट्रेन शनिवार को बरेली जंक्शन से देर रात 22:00 बजे रवाना होगी, जो कासगंज, हाथरस, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी, बीना जंक्शन, भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, नेल्लूर, गुडूर, चेन्नई एग्मोर के रास्ते तीसरे दिन 15:00 बजे ताम्बरम स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन लगभग 41 घंटे में अपनी यात्रा पूरी करेगी। दरअसल, यह ट्रेन इलेक्शन स्पेशल बतौर आई थी, जो एक एलएचबी रेक है। ट्रेन को दक्षिण भारत के लिए वापस भेजा जाना था। मुख्यालय से से आदेश मिला था ट्रेन को समर स्पेशल के तौर पर चलाना है। ट्रेन पूरी तरह आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल है।

वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बने डॉ. डीसी वर्मा

मीरगंज, अमृत विचार : विधायक डॉ. डीसी वर्मा को वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। इसपर उनके समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। डॉ. डीसी वर्मा ने बताया कि अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का है। इससे पहले अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा भोपाल से थे। कोर्ट के आदेश पर उन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। बिहार के विजय कुमार झा को उपाध्यक्ष चुना गया है। देश भर में 68 वेटनरी कॉलेज हैं। इसमें पांच यूपी में हैं। इसके अलावा आईवीआरआई और सीएआरआई है, मथुरा में एक वेटनरी यूनिवर्सिटी है। काउंसिल में 24 मेंबर होते हैं। 12 सदस्य इलेक्टेड होते हैं, इतने ही सदस्य मनोनीत किए जाते हैं। 24 सदस्य अध्यक्ष का चुना व करते हैं। यह चुनाव गुरुवार को शाहजहांपुर के वेटनरी कॉलेज में संपन्न हुआ।

मजदूरी नहीं तो काम नहीं जवाहर तापीय परियोजना के श्रमिकों का हंगामा

मजदूरी न मिलने पर जवाहर तापीय परियोजना में हंगामा करते हुए मजदूर।

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: कोरियाई कंपनी के अधीन जवाहर तापीय परियोजना के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को तीन महीनों से मजदूरी नहीं मिली है। इसे लेकर मजदूरों में आक्रोश फैल गया। मजदूरों ने हड़ताल कर दी। मजदूरी का आश्वासन मिलने के बाद काम वापस शुरू हो सका।

मलावन में जवाहर तापीय परियोजना के निर्माण का कार्य कोरियाई कंपनी दूसान को मिला है। इसके अधीन कई छोटी कंपनियां कार्य कर रहीं हैं। एनएस कंपनी भी इनमें से एक है। इस कंपनी ने तीन माह से मजदूरी नहीं दी। इसके चलते श्रमिक हड़ताल पर चले गए। एनएस कंपनी के कर्मियों ने परियोजना में बनी यूनिटों पर अन्य कंपनी के कर्मियों को भी कार्य नहीं करने दिया। इस दौराल जमकर हंगामा हुआ।

मजदूरों ने बताया वे दूसरे जनपदों और अन्य प्रदेशों के रहने वाले हैं। दुकानों से उधार राशन लेकर तीन माह से खा रहे हैं। अब दुकानदारों ने भी उधार राशन

- **तीन माह से नहीं मिली मजदूरी परियोजना स्थल पर पहुंचे बड़ी संख्या में श्रमिक, काम रोका**
- **जल्द मजदूरी का आश्वासन मिलने के बाद काम पर लौटे कर्मचारी**

देने से इंकार कर दिया है। कंपनी मजदूरी नहीं दे रही है। एक दूसरी कंपनी के मजदूर ने बताया एनएस कंपनी के मजदूरों ने दूसरे मजदूरों को कार्य नहीं करने दिया। यहां कंपनियों का यही हाल है कोई सुनने वाला ही नहीं है। हड़ताल करें तो ठेकेदार व इंजीनियर पुलिस को बुला लेते हैं।

बहरहाल श्रमिकों की हड़ताल को देखकर पुलिस बुला ली गई। पुलिस ने अधिकारियों से वार्ता की। बाद में श्रमिकों को आश्वासन दिया कि 14 जून तक मजदूरी का भुगतान हो जाएगा। मजदूरों ने कहा कि हड़ताल करना उनकी मजबूरी है। मलावन थाना प्रभारी नित्यानंद पांडेय ने बताया कि हड़ताल की जानकारी पर परियोजना में गए थे। कंपनी ने मजदूरों का भुगतान करने का 14 जून तक का आश्वासन दिया है।

हत्या के चार दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

कासगंज कार्यालय, अमृत विचार : हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा व 80 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना सहावर के ग्राम नगला सामंती निवासी दुर्विजय सिंह 5 जुलाई 2011 को अपने 20 वर्षीय भाई धर्मेंद्र को अपने बहनोई मुकेश निवासी ग्राम चीतरा थाना अमापुर के साथ दिल्ली जाने के लिए कासगंज रेलवे स्टेशन पर बाइक से छोड़ने सुबह 3:30 बजे आया था। धर्मेंद्र ने कहा की सुनीता का फोन आया है वह उससे मिलकर अभी आता है। मना करने पर वह नहीं माना और कासगंज रेलवे स्टेशन के समीप ग्राम नई बस्ती लालपुर में चला गया। शक होने पर पीछे से दुर्विजय सिंह गया तो उसने देखा कि धर्मेंद्र को सुबह करीब 4:00 बजे अजय ,योगेश, सुनीता पकड़े हुए थे और श्यामवीर व अंकित ने नल के हत्थे से धर्मेंद्र की पीटकर हत्या कर दी। दुर्विजय सिंह के अनुसार धर्मेंद्र के सुनीता से अवैध संबंध थे। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव सिंह यदुवंशी ने घटना के समर्थन में गवाहों सबूतों को पेश किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत जिला सत्र न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध सबूतों के आधार पर अजय, योगेश, सुनीता व श्यामवीर को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को 20-20 हजार रुपए जुर्मीने से दंडित करने के आदेश दिए हैं। अंकित की पत्रावली पृथक कर किशोर न्याय बोर्ड भेजी गई।

- **न्यायालय ने दोषियों पर लगाया 80 हजार रुपये का जुर्माना**

परिवार के सभी सदस्यों को लगाना होगा अंगूठा, तभी मिलेगा राशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: अगर आप राशन कार्ड धारक हैं और परिवार के सभी सदस्यों का सत्यापन नहीं कराया है तो राशन नहीं मिल पायेगा। शासन ने राशन कार्ड के प्रत्येक यूनिट का ई-सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने कोटेदारों को निर्देशित किया है कि वे राशन कार्डों में दर्ज एक-एक यूनिट का सत्यापन करें। इसके लिए कार्ड में शामिल सभी लाभार्थियों को ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाना अनिवार्य होगा।

पूर्ति विभाग ने जिले के लगभग सभी 1790 कोटेदारों को सत्यापन के काम पर लगा दिया है। जिसमें 32 लाख से ज्यादा लाभार्थियों का सत्यापन किया जाना है।

7.84 लाख से ज्यादा कार्ड जिले में इस वक्त पूर्ति विभाग में दर्ज हैं। इन कार्डों में बड़ी तादाद में ऐसे यूनिट (लाभार्थी) भी शामिल हैं, जिनकी मौत हो चुकी है और उनके नाम पर कार्ड धारक अब भी राशन ले रहे हैं। ऐसे भी लाभार्थियों के नाम कार्ड में शामिल हैं, जो जिले से विस्थापित हो चुके हैं। पूर्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार 30 जून तक यह सत्यापन अभियान चलाया जाना है। लिहाजा, सभी कार्ड धारक निर्धारित तिथि तक अपने कोटेदार के पास जाकर आधार कार्ड व मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। कार्ड में शामिल सभी लाभार्थियों को ई-पॉस मशीन में अंगूठा भी लगाना होगा। जिले में इस बार खाद्यान्न का वितरण शनिवार से शुरू हो जाएगा।

- **शासन ने लाभार्थियों का सत्यापन कराने के दिए निर्देश**
- **32 लाख से ज्यादा पात्रों का करना होगा सत्यापन**

> 30 जून तक ई-केवाईसी की तिथि निर्धारित की गई है। कार्ड में शामिल सभी लाभार्थियों को अंगूठा लगाना होगा। किसी एक का भी अंगूठा लगने से रह गया तो जांच के बाद कार्ड से नाम काट दिया जाएगा। **-नीरज सिंह,** जिलापूर्ति अधिकारी

सपा के शिविर कार्यालय से उतरा अखिलेश का होर्डिंग

रामपुर कार्यालय

अमृत विचार : राजद्वारा स्थित सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल के घर में बने पार्टी के शिविर कार्यालय से शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का होर्डिंग उतार दिया गया। इसके साथ ही कार्यालय को भी खत्म कर दिया गया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि तोपखाना रोड स्थित सपा कार्यालय दारुल अवाम के सील हो जाने के बाद उन्होंने अपने आवास में पार्टी का शिविर कार्यालय बनाया था। चुनाव कार्यालय भी बनाया लेकिन यहां कोई नहीं आया। कहा कि नव निर्वाचित सांसद ने पूर्व मंत्री आजम खां के जेल में रहने को सुधार गृह बताया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नव निर्वाचित सांसद ने यह टिप्पणी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की शह पर की है।

- **पूर्व जिलाध्यक्ष ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर किए कटाक्ष**
- **अपने आवास पर बनाए गए सपा कार्यालय को किया खत्म**

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को नव निर्वाचित सांसद से बोल वापस लेने को कहना चाहिए था। उन्होंने बताया कि आजम खां पर हुई टिप्पणी के बाद सपा का शिविर कार्यालय खत्म कर दिया है। सपा नेता वीरेंद्र गोयल का कहना है कि जब दारुल अवाम खाली हो रहा तो राष्ट्रीय अध्यक्ष कहां थे। हमारे नेता के खिलाफ कोई बाहर का आदमी गलत बोलेगा तो हमारा दुश्मन भी दोस्त बन जाएगा। आजमवादियों ने इस बयान पर निंदा करते हुए मौलाना नदवी को आड़े हाथों ले लिया है। उनका कहना है कि आजम खां के नाम पर वोट लिए, लेकिन अब इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना गलत है।

अभ्युदय योजना में छात्र आज से प्राप्त कर सकते हैं प्रवेश फार्म

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत सिविल सर्विसेज जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रवेश प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

